

खुशी खुशी



कक्षा 3
भाग 1

---------- की किताब

"मेरे जानवर" - इनके अन्दर अपनी पसन्द के जानवर बनाओ



इस किताब में जहां-जहां –



है वहां तुम्हें **आपस में बातचीत करके** काम करने की ज़रूरत है।




वाले पन्नों में तुम्हारे खुद कुछ **देखने-परखने** के लिए है।



है तो वहां तुम्हारे **खुद से पढ़ने** के लिए कुछ है।



का मतलब है कि यहां मन से सोच कर कुछ **लिखने या चित्र बनाने** की जगह है



है तो वहां तुम खुद ही **ढेर सारे वैसे ही अभ्यास** बना सकते हो।

खुशी-खुशी, कक्षा 3 भाग 1

यह पुस्तक एकलव्य के प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत तैयार की गई है।
सामग्री तैयार करने में कई स्रोतों से मदद ली गई।

प्रकाशक: **एकलव्य**
ई-10, शंकर नगर बीडीए कॉलोनी,
शिवाजी नगर, भोपाल - 462 016 (म.प्र.)
फोन: (0755) 255 0978, 267 1017 फैक्स: (0755) 255 1108
www.eklavya.in
सम्पादकीय: books@eklavya.in
किताबें मँगवाने के लिए: pitara@eklavya.in

तीसरा संस्करण: 2004
पुनर्मुद्रण: फरवरी 2006/1000 प्रतियाँ
तीसरा पुनर्मुद्रण: दिसम्बर 2008/3000 प्रतियाँ
चौथा पुनर्मुद्रण: दिसम्बर 2010/3000 प्रतियाँ
70 gsm गेपलिथो एवं 150 gsm पल्प बोर्ड कवर
मूल्य: ₹ 52.00
ISBN: 978-81-87171-69-0

मुद्रक: आर. के. सिक्युप्रिंट प्रा. लि., भोपाल फोन: (0755) 2687 599

खुशी-खुशी

कक्षा तीसरी

भाग-1

मेरा नाम

मेरा गाँव

मेरी तहसील

मेरा ज़िला


इस पिटारे में क्या, कहाँ....

क्र.	क्या	कहाँ
1.	बैठी बिल्ली बनाओ	1
2.	बर्तनों की दौड़	2
3.	संख्या चार्ट	4
4.	कुछ खेल पासे से	6
5.	हम तो सो रहे थे	8
6.	क्या तुम जानते हो	9
7.	इकाई और दहाई - समूह बनाओ	11
8.	क्रम बताओ आगे बढ़ाओ	12
9.	खीरा खाऊँ कचर-कचर	13
10.	फूल	17
11.	जोड़ एक तरीके अनेक	18
12.	नक्शे का खेल	19
13.	लालाजी लड्डू दो	20
14.	बराबर-बराबर बाँटो	23
15.	फूकम-फूँक	24
16.	सैर	25
17.	चींटी और टिड्डा	27
18.	खोजो तो जानें	28
19.	आता हाथी जाता हाथी	29
20.	खूब सवाल	30
21.	कविता का नाम लिखो	31
22.	जोड़ घटा का खेल	33
23.	किस समय क्या होय	34
24.	लेन-देन	36
25.	बाली का स्कूल	38
26.	क्या घुला	40
27.	कौन बड़ा, कौन छोटा	41
28.	छप छप छपाई	42
29.	तितली और चना	43
30.	गोले, गोले और खूब गोले	45
31.	भोले दादाजी बोले!	46
32.	जादू की सींकें	47
33.	घर में क्या, स्कूल में क्या	48
34.	जोड़ करो बार-बार हो जाता है गुणा	49
35.	पूँछ पर दौड़	50
36.	एक जैसे? या अलग-अलग?	52
37.	कागज़-भागज़	53
38.	तुम्हें सुनानी चित्र कहानी	54
39.	भाग	55
40.	नई पहेली	56
41.	सवाल ही सवाल	58
42.	खोखे में चूज़े	59
43.	गोपाल गडरिया	60
44.	आगे बढ़ाओ	62
45.	चेहरे	63
46.	डोकरी माँ	64
47.	शरीर नापो	66
48.	संख्या काटो	67
49.	नई पुरानी, साइकिल रानी	68
50.	तीन विचित्र	69
51.	भिन्न	72
52.	पेड़ और पत्ते	73
53.	भर-भर छप-छप	75
54.	संख्या चार्ट पर जोड़, घटा, गुणा के पैटर्न	76
55.	बिल्ली मौसी	78
56.	सिक्का खेल	79
57.	पत्ते और पत्ते	80
58.	दढ़ियल नरियल	82
59.	किसमें कितना	83
60.	पारवती की यात्रा	84
61.	और सवाल	85
62.	मीनू और रानू	86
63.	भिन्न	87

दिनांक

बैठी बिल्ली बनाओ


बाहर जा कर कुछ फूल और कुछ पत्तियाँ इकट्ठी कर लाओ।



टहनियों से पत्तियों को अलग-अलग करो। फूलों की रंगीन पंखुड़ियाँ भी अलग कर लो। फिर इन सब को अपने सामने जमा लो। जैसा नीचे दिखाया गया है।



क्या तुम इन्हें जोड़-जोड़ कर नई नई चीज़ें बना सकते हो? जैसे, कुछ नये फूल या पत्तियों की बिल्ली और गैना? ज़रूरत हो तो पत्ते को काट या फाड़ भी सकते हो।



फूल से तरह-तरह की चीज़ें बना कर देखो। इन सब चीज़ों के नाम लिखो।


दिनांक

खुद पढ़ो


बर्तनों की दौड़




एक बार मटके ने सीना फुलाकर कहा-





और ऐसे शुरू हुई बर्तनों की दौड़।



दिनांक






41
42
43
44
45
46
47
48
49
40
39
38
37
36
35
34
33
32
31
30
21
22
23
24
25
26
27
28
29
20
19
18
17
16
15
14
13
12
11
10
1
2
3
4
5
6
7
8
9

दिनांक

कौन कहाँ बैठा है

सामने के चार्ट में कौन-कौन से घरों में कोई चित्र नहीं बना है। नीचे के घरों में वो अंक लिखो।

इसके बाद इस चार्ट के खाली घरों में फूलों/कीड़ों के चित्र बनाओ

झटपट भरो :–

मुर्गा कहाँ बैठा है?

रेल से चार डिब्बे आगे क्या है?

हाथी से छह डिब्बे पहले क्या है?

25 से 8 घर पहले किसका घर है?

ऐसे और भी सवाल बनाओ और करो।

तुम चार्ट पर पासे से 'कौन पहले पहुंचेगा' वाला खेल खेल सकते हो। कैसे खेलना है, खेल के नियम क्या हों और खेलने के लिए क्या सामग्री चाहिए, यह तुम सब आपस में मिल कर तय करो।

उत्तर खोजो और लिखो :–

3 के घर में शेर रहता है।

16 के घर में रहती है।

..... के घर में गधा रहता है।

15 के घर में और रहते हैं।

..... के घर में और चिड़िया.....।


ऐसे भी और सवाल बनाओ और करो।

नीचे की तालिका में जानवरो, पक्षियों और फलों के नाम और उनके डिब्बों की संख्याएं लिखो।

जानवर		पक्षी		फल			
शेर	3	तोता	5	आम	4		
कुत्ता	6						



कुछ खेल पासे से



0	8	2	5	3	1
4	3	10	7	6	9
6	5	1	7	2	10
1	4	8	5	10	3
7	5	9	0	6	4
8	0	7	2	9	6

इस चौकोर में 0 से 10 तक के अंक लिखे हैं। इस पर तुम कई तरह के खेल खेल सकते हो।

जोड़ का खेल

(दो-तीन या चार दोस्त इसे अपनी-अपनी किताब के चार्ट पर खेल सकते हो।)

1. दो पासे लो। देखो इनकी कितनी सतह हैं? इनकी हर सतह पर 0 से 5 कर के एक-एक अंक लिखो।
2. कोई एक खिलाड़ी दोनों पासों को एक साथ फेंके।
3. कौन-कौन से अंक आए? दोनों को जोड़ लो। जोड़ वाली संख्या को चार्ट पर ढूंढकर उस पर एक कंकड़ रख दो। (मान लो तुम्हारे पासे पर 2 और 5 आए। तो तुम————पर पासा रखोगे।)
4. बारी-बारी से सबको पासे फेंकने का और चार्ट पर जोड़ की संख्या पर कंकड़ रखने का मौका मिलेगा।
5. जो कोई भी गलत संख्या पर कंकड़ रख दे उसकी बारी बेकार चली जाएगी क्योंकि उसे गलत संख्या पर से कंकड़ हटाना पड़ेगा। (जैसे मान लो तुम्हारे पासों पर अंक आए 2 और 5, पर तुमने गलती से 8 पर कंकड़ रख दिया।)
6. जिसका चार्ट पहले भर जाएगा उसकी जीत होगी।
7. बाकी लोग दूसरे और तीसरे नंबर पर आने के लिए अपने-अपने चार्ट भरने तक खेल आगे बढ़ा सकते हैं।

दिनांक

घटा का खेल

(इसे भी दो-तीन दोस्त अपनी-अपनी किताब के चार्ट पर खेल सकते हैं।)

1. दो पासे लो। एक के हर सतह पर 0 से 5 तक के अंक में से एक-एक अंक लिखो।
2. दूसरे पर 5 से 10 तक के सारे अंक एक-एक करके हर सतह पर लिखो।
3. कोई एक खिलाड़ी दोनों पासे एक साथ फेंको। इन दो संख्याओं में से बड़ी संख्या में से छोटी को घटा लो। (मान लो तुम्हारे दोनों पासों पर 5 आया। तो घटाने पर क्या आया?)
4. उत्तर वाली संख्या को चार्ट में ढूंढकर उस पर कंकड़ रख दो।
5. बाकी सब नियम जोड़ के खेल जैसे ही होंगे।

5 से 10 के पासे पर	0 से 5 के पासे पर	घटा कर

संख्या तक पहुँचो

(इस खेल को या तो दो दोस्त मिलकर खेल सकते हो या ज़्यादा लोग हों तो दो टीम बनाकर।)

1. एक खिलाड़ी या एक टीम 1 से 20 के बीच की कोई संख्या बोलेगी। (मान लो तुमने चुना 6)
2. दूसरे खिलाड़ी या टीम को चार्ट में से ऐसी संख्याएँ ढूंढनी हैं जिन्हें आपस में जोड़कर या घटाकर पहली टीम वाली संख्या (6) तक पहुँच सकते हैं।
3. शर्त यह है कि जिन संख्याओं को जोड़कर या घटाकर हम जवाब (6) तक पहुँचेंगे उन्हें चार्ट में पास-पास ही होने चाहिए। चाहे अगल-बगल हों या ऊपर-नीचे या आड़े में, पर पास-पास ही हो।

 (इस चार्ट के हिसाब से 6 तक पहुँचने के अलग-अलग रास्ते हैं –

 $5 + 1 = 6$ $\quad 7 - 1 = 6$ $\quad 9 - 3 = 6$

 $10 - 4 = 6$ $\quad 8 - 2 = 6$ $\quad 6 + 0 = 6$

 $4 + 2$ और $3 + 3$ भी 6 होता है पर ये अंक चार्ट में पास-पास नहीं है। इसलिए इन्हें इस खेल में नहीं लिख सकते।)
4. हार-जीत का फैसला कैसे करोगे, यह तुम आपस में तय करो।

दिनांक

हम तो सो रहे थे

कुकड़ूं कूं



हम तो सो रहे थे
हमें मुर्गे ने जगाया
बोला कुकड़ूं कूं कूं कूं

हम तो सो रहे थे
हमें कुत्ते ने जगाया
बोला भौं भौं भौं

हम तो सो रहे थे
हमें बिल्ली ने जगाया
बोली म्याऊं म्याऊं म्याऊं

हम तो सो रहे थे
हमें घंटे ने जगाया
बोला

हम तो सो रहे थे
हमें
.....

रामगोपाल परदेसी



- अगर बादल ने जगाया तो क्या बोलेगा? घड़ी ने जगाया तो क्या बोलेगी?
- दरवाजे ने, हवा ने, या पत्ते ने जगाया तो क्या बोलेंगे? इस कविता में जगाने वाले नाम जोड़कर आगे बढ़ाओ।
- कक्षा में मिलकर गाओ, और अपनी कॉपी में जगाने वालों का नाम लिखो।
- कविता के लिए चित्र भी बनाओ।



दिनांक

क्या तुम जानते हो?

इस तालिका को देखो। पहले इस पर बातचीत करो, फिर इसे अपने आप भरो। हर नाम के सामने लिखना है कि वह लम्बी है या गोल, और उसका रंग क्या है?

नाम	लम्बी या गोल	रंग
टमाटर		
मिरची		
टायर		
कलम		
गाजर		
साँप	लम्बा	काला
लड्डू		
मूली		
जलेबी		
नारियल		
चन्द्रमा		
नीबू		

तालिका देख कर वाक्य बनाओ

-
-
-
-
-
- साँप लम्बा और काला होता है।
-
-
-
-
-
-

1. तालिका में गोल चीजें कितनी हैं? ☐
2. तालिका में लम्बी चीजें कितनी है? ☐
3. तालिका में गोल चीजें ज़्यादा है या लम्बी?
4. तालिका में लाल रंग की कितनी चीज़े हैं? ☐ उनके नाम लिखो?

दिनांक

अब इस तालिका को देखो। पहले इस पर बातचीत करो, फिर इसे अपने आप भरो। यहां पर किन-किन चीजों की जानकारी दी गई है?

बच्चों के नाम	किस कक्षा में	उम्र
कैलाश	तीसरी	10 साल
ललिता	दूसरी	8 साल
हरि	चौथी	12 साल
संतू	तीसरी	9 साल
लछमी	तीसरी	9 साल
सुखबती	दूसरी	9 साल

इस तालिका को देखकर उत्तर लिखो।

- कैलाश किस कक्षा में है?

- तीसरी कक्षा के कितने बच्चे हैं? नाम लिखो।

- दूसरी कक्षा के कितने बच्चे हैं?उनका नाम लिखो।

- तालिका में 9 साल के कौन-कौन है? नाम लिखो।

- सबसे कम उम्र का कौन है? उसका नाम लिखो।

अपने किसी दोस्त या सहेली के बारे में लिखो।


- **नीचे बनी तालिका में अपने किन्हीं छह-सात दोस्तों/ सहेलियों की जानकारी भरो।**

दोस्त / सहेली का नाम	किस कक्षा में	उम्र
.....		
.....		
.....		
.....		
.....		
.....		


दिनांक

इकाई और दहाई- समूह बनाओ


इन डिब्बों में बहुत सारे चित्र बने हैं। सुरता और आज़ाद से गिने नहीं जा रहे थे। सुरता ने कहा-एक काम करते हैं। दस-दस गिनकर उन पर घेरा लगा देते हैं। एक घेरा माने एक दहाई। और जितने खाली छूटे, उतनी इकाई। बस संख्या पता चल जाएगी। दहाई और इकाई को देखकर संख्या लिखो। तुम भी गिनकर दस-दस का समूह बनाओ। नीचे लिखो कितने समूह और कितने खुल्ले।
तुम भी ऐसा चित्र बनाओ और दोस्तों को हल करने को दो।




समूह	खुल्ले	कुल संख्या
1	8	18




समूह	खुल्ले	कुल संख्या



समूह	खुल्ले	कुल संख्या



समूह	खुल्ले	कुल संख्या



समूह	खुल्ले	कुल संख्या

दिनांक

क्रम बताओ आगे बढ़ाओ

कबीर ने कुछ सोचकर नीचे कुछ चित्र बनाए हैं। उसने एक खास क्रम में इन्हें बनाया है। सोचो वह क्रम क्या होगा? फिर उसी क्रम को बढ़ाते हुए आगे के चित्र बनाओ।











चौथा क्या होगा? कबीर ने इस बार तीन चित्र बनाए। चौथे चित्र की जगह खाली छोड़ दी है। एक बार फिर सोचो और खाली जगह में चौथा चित्र बनाओ।







दिनांक

खीरा खाऊँ कचर कचर

इस कहानी के लिए खाली जगहों में चित्र बनाओ।



भाजी का बड़ा खेत था। खेत में खूब बेलें थीं। **कद्दू** थे। पनडोल थे। **ककड़ियाँ** थीं और **खीरे** तो थे बहुत बहुत। वहाँ उड़ता आया एक **कौआ**। आहा, कितने अच्छे हैं ये खीरे। चलो खाऊँ मैं इनको कचर कचर।

कौआ गया बेल के पास। ज्यों ही उसने खीरे में **चोंच** मारी, बेल बोली -- ठहर जा **भाई**। तेरी **चोंच** कितनी गंदी है। पहले **पानी** से अच्छी तरह धो ले और फिर खा कचर कचर।

कौआ गया **बावड़ी** के पास -- बावड़ी, बावड़ी, बावड़ी दीदी, **आँगन** में आया है कौआ भाई। दे थोड़ा पानी, **धो** लूँ जरा चोंच। खीरा खाऊँगा कचर-कचर। बावड़ी बोली -- ले न भाई पानी। पर तू लेगा किसमें? एक **मटका** ले आ और चाहे जितना पानी भर ले।

कौआ उड़ता-उड़ता गया **कुम्हार** के पास। बोला -- कुम्हार, कुम्हार, कुम्हार जी महाराज। **आँगन** में आया है कौआ भाई। दे जरा मटका। निकालूँ थोड़ा पानी, **धो** लूँ अपनी चोंच, खीरा खाना है कचर-कचर।

कुम्हार बोला -- **मिट्टी** ला। अभी बना देता हूँ मटका। कौआ उड़ता-उड़ता गया **खेत** के पास। बोला -- खेत, खेत, खेत महाराज, आँगन में आया है कौआ भाई। दीजिए मिट्टी। मैं दूँगा कुम्हार को, लूँगा मटका, निकालूँगा पानी, धोऊँगा चोंच, खाऊँगा खीरा कचर-कचर।

खेत बोला -- ले आ **हिरण** का **सींग** और चाहे जितनी मिट्टी खोद ले। कौआ उड़ता-उड़ता गया हिरण के पास। बोला -- आँगन में आया है कौआ भाई। दीजिए सींग। लूँगा मिट्टी, दूँगा कुम्हार को, लूँगा मटका। निकालूँगा पानी, धोऊँगा चोंच। मुझे खाना है खीरा कचर कचर।

हिरण बोला – दादा, उखाड़ ले यह सींग। फिर कौए ने हिरण का सींग ले लिया और गया खेत के पास।

मिट्टी खोदी और ले गया कुम्हार के पास।

कुम्हार से उसने मटका लिया और गया बावड़ी के पास।

उसने बावड़ी से पानी निकाला और धो डाली चोंच।

फिर गया बेल के पास। बेल ने दिए बहुत सारे खीरे। कौए ने खाए कचर-कचर।

(ताराबाई मोडक)

आपस में बातचीत करो 

1. बेल ने कौए को पहली बार खीरे क्यों नहीं खाने दी?
2. कौआ पानी के लिए बर्तन लेने गया कुम्हार के पास। वो कुम्हार के अलावा और किस के पास जा सकता था?
3. अगर बेल ये कहती –
 ठहर जा भाई, पहले एक पातल तो लेकर आ। फिर उसमें रखकर खाना।
 तो कौआ क्या करता?

कहानी में से ढूंढकर उत्तर अपनी कॉपी में लिखो।

1. भाजी के खेत में क्या-क्या लगा था?

2. कौआ किस-किस के पास गया? नीचे के नाम आगे-पीछे हो गए हैं। उन्हें सही क्रम में जमाओ।

 बावड़ी **हिरण** **बेल** **कुम्हार** **खेत**

3. ककड़ी बेल पर लगती है। बेल पर और क्या-क्या लगता है? लिखो।

दिनांक

4. ककड़ी खाने पर ऐसी आवाज़ आती है – **कचर - कचर**



रोटी खाने पर - केला खाने पर -

बताशा खाने पर - चना खाने पर -

5. किसने क्या कहा? जोड़ी मिलाओ -

बेल	मिट्टी ला
कुम्हार	सींग ला
बावड़ी	मटका ला
खेत	चोंच धो ले

6. ये कहानी किसने लिखी है? उनका नाम लिखो।

7.ये शब्द कहानी में कितनी बार आए? गिनकर लिखो।

पनडोल ☐ बावड़ी ☐ कौआ ☐ खीरा ☐

मटका ☐ कुम्हार ☐ मिट्टी ☐ चोंच ☐

दिनांक

पहली तीन लाइनें पढ़ो। अब आगे के अधूरे वाक्यों को पूरा करो।





तुम क्या खाओगे? मैं पपीता खाऊंगा। मैं पपीता खाऊंगी। हम पपीता खाएंगे।

तुम कहाँ जाओगे? मैं —— जाऊंगा। मैं —— जाऊंगी। हम रामपुर जाएंगे।

तुम क्या लोगे? मैं —— लूंगा। मैं ——————। हम —— लेंगे।

● मन से कोई दो ऐसे वाक्य लिखो। जिनके शुरु में, *मैं या हम* आता हो।

_____ _____

_____ _____

_____ _____

आगे बढ़ाओ-

सुनाऊं _____ _____ _____

हिलाऊं _____ _____ _____

काटूं _____ _____ _____

दिनांक





फूल


यहाँ से बहुत दूर एक जगह है। ऊँचे पहाड़ों के बीच एक घाटी। और इस घाटी में उगते हैं हज़ारों किस्म के फूल। कहीं झाड़ियों में लगे लाल फूल नज़र आते हैं। तो कहीं पत्थरों के बीच सफेद फूल झांकते हुए मिलते हैं। पीले-पीले फूलों के लंबे-चौड़े कालीन जैसे मैदान भी हैं। और कहीं-कहीं अचानक घास के बीच छोटे-छोटे तारों जैसे नीले फूल दिखाई देते है। वास्तव में, अगर कोई इस फूलों की घाटी में जाए तो उसका मन लौटने को नहीं करेगा।



● **तुम्हारे आस-पास कौन-कौन से फूल होते हैं? सब के नाम पता करो।**

इन नामों के लाल फूलों के नाम अलग लिखो, पीले फूलों के नाम अलग लिखो और सफेद के अलग।

लाल फूल	पीले फूल	सफेद फूल



● **तुम्हें सबसे अच्छा कौन-सा फूल लगता हैं? उसका चित्र अपनी कॉपी में बनाओ।**



दिनांक

जोड़ एक तरीके अनेक

यहाँ एक जोड़ का सवाल दिया है

7+3+**5**=?

सुरता, आज़ाद और रामकली ने इन्हें अलग-अलग तरीकों से हल किया

सुरता का तरीका	आज़ाद का तरीका	रामकली का तरीका
7+3+5=15	7+3+5=15	7+3+5=15
10 +5 =15	7+ 8 =15	12+3 =15

तरीके अलग-अलग थे पर उत्तर एक ही आया।

तुम भी (नीचे दिए गए सवालों) को अलग अलग तरीकों से जोड़ कर देखो। (ध्यान रहे संख्याएँ न बदल जाएँ।)

4+8+6=?	9+7+1+5=	3+7+9+5+5=?
8+7+5=?	8+4+2+6=	6+5+4+5+1=?

क्या सभी तरीकों से एक सवाल का उत्तर वही आया? हेरक सवाल के कितने तरीके मिले? तरीकों की संख्या

3 संख्याएँ जोड़ने के लिए

4 संख्याएँ जोड़ने के लिए

5 संख्याएँ जोड़ने के लिए

अगर 6 संख्याएँ जोड़ना हो तो

7 संख्याएँ जोड़ना हो तो

इन सवालों को मौखिक करो

6+7+4+3= 8+3+7+12=?

(10 के समूह बनाकर हल करो- क्या आसान रहा?)

ऐसे और सवाल बनाओ और हल करो।


नक्शे का खेल

चलो नक्शे का खेल खेलेंगे। बड़ा मज़ा आएगा। पर पहले तो कक्षा का नक्शा बनाना होगा। सब मिलकर पहले तख्ते पर कक्षा का नक्शा बनाते हैं।

कक्षा का नक्शा बनाने के लिए–

सब तख्ते की ओर मुँह कर के बैठ जाओ। कक्षा की आकृति एक बच्चा तख्ते पर बना ले। जो सामने है उसे ऊपरी सिरे पर, जो दाएँ हाथ पर है उसे दाएँ सिरे पर ही बनाना होगा। जो चीज़ जहाँ पर है, उसे वहीं पर बनाना। बारी बारी से अलग–अलग बच्चे तख्ते पर जाकर नक्शा पूरा करें।

सुरता की कक्षा ने अपनी कक्षा का नक्शा इस प्रकार बनाया–



नक्शे का खेल–

दो टीमों में बैठ जाओ। एक टीम का एक बच्चा नक्शे पर रास्ता बनाए – पहली टीम से रास्ता सुरता ने बनाया है। रास्ता (●) पर शुरु होकर तीर पर खत्म होता है।

अब दूसरी टीम के किसी बच्चे को रास्ते पर चलना है। दूसरी टीम से आज़ाद उस रास्ते पर चला। रास्ते पर सही चलने के टीम को 2 अंक मिलेंगे। यदि 1 गलती की तो 1 अंक ही मिलेगा, और यदि एक से अधिक गलती की तो 1 अंक भी नहीं मिलेगा। ऐसा होगा, पर रास्ता बनाने वाली टीम को 2 अंक मिलेंगे।

अब दूसरी टीम की बारी है रास्ता बनाने की और पहली टीम का बच्चा रास्ते पर चलेगा। अंकों के नियम वहीं रहेंगे जो पहली टीम के लिए थे।


इस तरह बारी बारी से रास्ता बनाने और उस पर चलने का खेल 5 या 10 बारी तक चलता रह सकता है। अंत में जिस टीम के अधिक अंक होंगे, वह टीम जीतेगी।

खेल के लिए और भी नियम बना सकते हो। जैसे, सुरता की कक्षा ने इस नियम से भी खेल खेला–


किसी टीम का एक बच्चा रास्ता बोल–बोल के बताता जाए। दूसरी टीम का एक बच्चा वही रास्ता तख्ते पर बनाता जाए।

तुम भी ऐसे और नियम बनाकर तरह–तरह से नक्शे का खेल खेलो।


लालाजी लड्डू दो



लालाजी, लालाजी
एक लड्डू दो।
लड्डू जो चाहिये
तो चार आने दो।



लालाजी, लालाजी
पैसे नहीं।
पैसे नहीं हैं
तो लड्डू नहीं।



लालाजी, लालाजी
आपकी मूँछें
कितनी लम्बी हैं,
आपकी मूँछें
कितनी प्यारी हैं,
आपकी मूँछें
कितनी सुन्दर हैं।

बेटा जी, बेटा जी
इधर आओ।
चार लड्डू
चाहिये तो
चार लड्डू लो।



दिनांक

इस कविता में -

- **लाला जी** शब्द कहाँ-कहाँ आया है? उसके नीचे लाइन खींचो और गिनो।
- **मूँछें** और **लड्डू** कहाँ-कहाँ आए हैं? उन पर गोले लगाओ और गिनो।
- जहाँ-जहाँलाला जी का चित्र बना है उसके नीचे - **लाला जी** - लिखो।

लाला जी की दुकान पर इन में से तुम क्या-क्या खरीद सकते हो?

जलेबी, तौलिया, समोसा, साबुन, अखबार, नमकीन, मटका, पपीता, लड्डू, कटोरी, घड़ी, चाय, पोहे, फुग्गे, गंजी, मंगौड़े, कचौड़ी

अगर लालाजी की मूँछें नहीं होतीं तो वे कैसे दिखते? चित्र बनाओ।

बगैर मूँछ के लालाजी	दाढ़ी वाले लालाजी

पूरा करो

---------- की मूँछें बहुत लम्बी और ---------- हैं।

लालाजी ---------- लड्डू ---------- का बेचते हैं।

आपस में बातचीत करो-

- लड़का लालाजी की तारीफ और कैसे-कैसे कर सकता था?
- क्या कभी किसी ने तुम्हारी तारीफ की है? किस बात पर? कैसे की?

कॉपी के लिए सवाल


1. लड़के ने लालाजी से क्या मांगा?
2. लालाजी एक रुपये में कितने लड्डू देते हैं?
3. क्या लड़के को लालाजी की मूंछ बहुत पसंद आई?
4. चार और मिठाइयों के नाम लिखो।
5. बाज़ार में दुकानदार क्या-क्या आवाज़ लगाते हैं।
6. तुम दुकानदार को कैसे बुलाते हो? लालाजी कहकर या कुछ और?

दिनांक



एक लड्डू चाहिए तो चार आने दो





अगर एक लड्डू चार आने का हो,
तो दो लड्डू आठ आने के होंगे।

तीन लड्डू के होंगे।

तो छह लड्डू कितने के होंगे?

मावाबाटी की खरीदारी



एक मावाबाटी आठ आने की है, तो दो मावाबाटी की हैं।

पांच मावाबाटी की हैं, और दस मावाबाटी की ।



मीठी गोली

एक मीठी गोली दस पैसे की है, तो तीन मीठी गोली..... की।

पांच मीठी गोली की और पंद्रह मीठी गोली..... की।




लड्डू, मावाबाटी, मीठी गोली के ऐसे और सवाल करो।



- *नीचे मिठाई की दुकान का चित्र बनाओ।*


दिनांक

बराबर - बराबर बाँटो



इन फूलों को 3 तितलियों के बीच बराबर-बराबर बाँटो।


यहाँ मुधमक्खी के छत्ते के कुछ घर दिखाए हैं।
इन्हें 4 मधुमक्खियों के बीच बराबर-बराबर बाँटो।






पलंग 3 हैं और सोने वाले 9।
हर पलंग पर कितने बच्चों
को सोना पड़ेगा ?

लोग शादी में आए। उन्होंने घर के बाहर अपने जूते-चप्पल उतारे। वहाँ 18 चप्पल और जूते थे।
तो कितने लोग आए होंगे?



फूकम फूँक




एक खाली बोतल लो। बोतल संकरे मुँह वाली होनी चाहिए। इस बोतल को लिटा दो। ऐसे।

अब कागज़ का एक छोटा-सा टुकड़ा लो। करीब इतना बड़ा। [] इस टुकड़े को बोतल के मुँह पर रखो। और फिर ज़ोर से फूँक मार कर टुकड़े को अंदर कर के बताओ। क्या हुआ?
यही काम घास के टुकड़े और चॉक के टुकड़े के साथ भी करके देखो। क्या हुआ? और चीज़ों के साथ करने पर भी यही होता है क्या?

- और धीमे फूँक मारने पर क्या होता है?

बन जाए चरखी

1. कागज़ की दो उंगली चौड़ी और एक बित्ता लम्बी एक पट्टी लो।



2. उसे दोनों तरफ से थोड़ा काट लो। ऐसे।

3. दोनों तरफ के नीचे वाले हिस्से को बीच तक मोड़ लो। ऐसे।

4. अब तुम्हारा कागज़ ऐसा दिखाई देगा।


5. ऊपर वाले हिस्से को बीच से फाड़ो। इससे दो पंख बन जायेंगे, जैसा चित्र में दिखाया गया है। अब नीचे के हिस्से को थोड़ा सा मोड़ लो।

6. एक पंख को सामने की ओर झुकाओ। दूसरे को पीछे की ओर।

बस, तुम्हारी चरखी तैयार है। चरखी को नीचे वाले हिस्से से पकड़ो। उसे जितना ऊंचा उठा सकते हो उठाओ और छोड़ दो। क्या हुआ?

सैर


एक दिन एक छाता और एक गेंद
और एक डिब्बा घूमने निकले।




रास्ते में बारिश आई
तो छाते ने सबको ढक लिया।




रास्ते में एक नदी पड़ी।उस पर बाढ़
आई। तो गेंद के ऊपर
छाता और डिब्बा बैठकर
दूसरी ओर गए।



रात हो गई। तो जानवरों के डर से छाता और गेंद डिब्बे के अंदर सो गये।



अगले दिन वो फिर से आगे बढ़े।




तीनों चलते-चलते एक ऊंचे पहाड़ पर चढ़ गए। गेंद बोली – बहुत ज़ोर से प्यास लगी है। डिब्बा और छाता बोले - पर नीचे कैसे जाओगी। गेंद ने कहा – ऐसे, और उसने छलांग लगा दी। छाता उसके पीछे दौड़ा, और छाते के पीछे डिब्बा।



चींटी और टिड्डा


एक चींटी और एक टिड्डे में बहुत अच्छी दोस्ती है। चींटी को एक शक्कर का ढेला मिला। वो उसे टिड्डे के लिये ले जा रही है। चींटी के बिल में कई रास्ते है — कुछ बंद, कुछ खुले।



खुले रास्तों से ही टिड्डे तक पहुंचना है। टिड्डा भी चींटी की राह देख रहा है। बताओ चींटी किन-किन रास्तों से टिड्डे तक पहुंच सकती है। उन रास्तों को रंगों।



यहाँ मैं चींटी के बिल का एक और चित्र दे रहा हूं।



तुम भी कभी समय निकाल कर चींटियों को देखो।

वे किधर से आती हैं, और किस ओर जाती हैं?

क्या-क्या उठा कर ले जाते हुए दिखीं?

और कितनी अलग-अलग तरह की चींटियां दिखीं?

दिनांक

खोजो तो जानें

खाली स्थान भरो - सवाल हल करो

सवाल तो तुमने बहुत से किए हैं। उन सवालों में जोड़ने या घटाने के बाद आई संख्या लिखनी होती थी।

जैसे, 4 - 2 = ☐ 14 + 15 = ☐ आदि।

नए सवालों में कुछ और भी करना हो सकता है। जैसे –

4 + ☐ = 8

डिब्बे के अंदर खाली स्थान में क्या लिखें?

अगर 3 लिखते हैं तो 4 + 3 = 8; यह तो सच नहीं है।
4 + 3 तो 7 होता है।

खाली स्थान में 4 ही भरा जा सकता है।

4 + [4] = 8







एक और उदाहरण से देखें;

4 ☐ 3 = 1


खाली स्थान पर कौन-सा निशान बनाएँ, जोड़ का, या घटाने का?

जोड़ का निशान लगाएं तो?

4 + 3 = 1


पर 4 + 3 तो 7 होता है।

इसका मतलब हुआ खाली स्थान पर जोड़ का चिन्ह नहीं लग सकता। घटाने का चिन्ह लगाकर देखो। सही बैठता है क्या?



दिनांक

आता हाथी जाता हाथी



1. हाथी क्या-क्या खाता है?

2. हाथी अपनी सूंड से क्या-क्या करता है?

3. हाथी की सूंड कैसी होती है?

(कहानी मे खाली जगह भरने के लिए नीचे लिखे शब्दों में से सही शब्द चुनकर लिखो।)


छोटी	पत्ते	गिराता	हिलाता	गन्ने	वह
घास	पतली	सूंड	धम्मक	केले	पानी

4. हाथी बहुत ही मस्त जानवर है। वह झूम के चलता है। चलते - चलते वह अपने कान ———— रहता है। वह ———— और ———— खाता है। उसकी सूंड तो मोटी होती है, पर उसकी आँखें ———— होती हैं। जब वह चलता है तो ———— की आवाज़ होती है। वह बार-बार अपनी सूंड उठाता और ———— है। जब ———— पानी में जाता है तो अपनी ———— में———— भर के जी भर नहाता है।

खूब सवाल




1. बिल्लू और लक्ष्मी ने एक-एक संतरा खरीदा। बिल्लू के संतरे में 12 फाँकें निकलीं। और लक्ष्मी के संतरे में 9 फाँकें निकलीं। दोनों के संतरों की कुल कितनी फाँकें हुईं?



2. एक बरगद के पेड़ पर 7 कौए, 6 चिड़ियां, 3 तोते और 2 मैना रहते थे। बरगद पर कुल कितने पक्षी रहते थे?

3. भोलू ने 12 जाम तोड़े। 7 जाम उसने अपने दोस्त कैलाश को दे दिए। उसके पास कितने जाम बचे?



4. शैलू ने आठ जलेबियाँ खरीदी। 5 जलेबियाँ उसने खा लीं। और बाकी अपने भाई के लिए रख लीं। शैलू ने अपने भाई के लिए कितनी जलेबियाँ रखीं?



5. मीनू बाज़ार से 16 सेब खरीदकर लाई और दीनू ने9 संतरे खरीदे। दोनों ने कुल मिलाकर कितने फल खरीदे?

6. चश्मेंवाला 23 चश्मे लेकर बेचने निकला। शाम को उसके पास 7 चश्मे बचे। उसने दिन भर में कितने चश्मे बेचे?


दिनांक



कंघी लेकर भालूमल,
ढूँढा करते जूँ।
ढूँढ-ढूँढ कर मारा करते जूँ।

कविता का नाम लिखो





एक जूँ ने हाथ जोड़कर

भालूमल से कहा -

मुझे छोड़ दो, मुझे छोड़ दो

भालूमल दादा।

मैं तुमको रोज खिलाऊँ

आलू आधा - आधा।

कंघी लेकर भालूमल

ढूँढा करते जूँ।

● **खाली जगह में सही शब्द चुनकर भरो।**

- राम आम **खाता** है। (खाता/ खाते)
- दादाजी आम ——— हैं। (खाता/ खाते)
- तुम आम ——— हो। (खाता/ खाते)
- मैं आम ——— हूँ। (खाता/ खाती)
- हम आम ——— हैं। (खाता/ खाते)

1. कंधी से भालूमल क्या ढूँढते थे?

2. जूँ ने भालूमल को क्या देने का वायदा किया?

3. भालूमल जूँ क्यों मारते थे?

1. क्या भालूमल ने जूँ को छोड़ दिया होगा?

5. क्या जूँ आलू ला सकती है? तुम्हें क्या लगता है?

6. भालू के बारे मे कोई कहानी सुनाओ।

इन वाक्यों को देखो

- भालू जूं मारता है।
- भालूमल जी जूँ मारते हैं।
- भालूमल जी जूँ मारा करते हैं।

● अब तालिका को देखो। और भी काम ढूँढो – जैसे, खाता, पीता, गाता आदि। फिर उनके आधार पर बाकी खाने भरो। उनसे वाक्य बनाओ।

मारता	मारते	मारा करते
ढूँढता	ढूँढते	ढूँढा करते
लाता	लाते	लाया करते

भालू

भालू को तुमने देखा होगा। इसे रीछ भी कहते हैं। इसके बड़े-बड़े बाल होते हैं। भालू की एक छोटी-सी पूंछ होती है। इसके पंजे में बड़े-बड़े नाखून होते हैं जिनके सहारे वह पेंड़ों पर चढ़ सकता है। नाखून शिकार और बचाव में भी मदद देते हैं। भालू सब तरह की चीज़ें खा लेता है - छोटे जानवर भी, फल और शहद भी, और मछली भी।


● कॉपी में बिल्ली के बारे में भी ऐसे ही लिखो।

एक ही आवाज़ से शुरू या खत्म होने वाले शब्द सोचो।

आलू	नहर	माता
कालू	पहर	माया
चालू	कहर	मारा
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —
— —	— — —	— —

दिनांक

जोड़ घटा का खेल



0	7	14	8	4	15	1
3	5	10	0	6	8	0
12	2	9	11	4	1	15
8	12	1	2	10	3	13
2	14	4	11	9	5	6
15	10	3	12	5	7	11
7	14	9	6	13	10	4

(इसे दो-तीन या चार दोस्त मिलकर अपनी-अपनी किताब पर बने चार्ट पर खेल सकते हैं।)

1. दो पासे लो। एक पर हर तरफ 0 से 5 तक के अंक एक-एक करके लिखो।
2. दूसरे के हर तरफ भी एक-एक करके अक लिखना है। पर इस पर 5 से 10 तक के अंक लिखेंगे।
3. एक खिलाड़ी दोनों पासे फेंके। अब यह छूट है कि जो दो संख्याएँ आईं वह उनका जोड़ करे या घटा। जो भी करे, उसे जवाब वाली संख्या को चार्ट पर ढूंढकर उस पर कंकड़ रखना है।
4. मान लो तुमने पासे फेंके और तुम्हारे अंक आए 5 और 6। तुम चाहो तो 5 + 6 = 11 पर भी कंकड़ रख सकते हो या 6 − 5 = 1 पर भी।
5. एक बार में एक ही संख्या पर कंकड़ रखना है। (या तुम चाहो तो यह नियम भी बना सकते हो, कि एक ही चाल में पासे की संख्याओं को जोड़कर और घटाकर, दोनों उत्तरों पर कंकड़ रख सकते हैं।)
6. अगर जोड़ और घटा, दोनो संख्याओं पर पहले ही कंकड़ रखा हुआ हो तो चाल खाली जाएगी। या फिर अगर किसी ने गलत संख्या पर कंकड़ रख दिया हो तो भी चाल बेकार जाएगी क्योंकि कंकड़ हटाना पड़ेगा।
7. जिसकी जाली पहले भर जाए, जीत उसी की होगी।

दिनांक



किस समय क्या होय

सुबह के काम, शाम के काम, दोपहर के काम, रात के काम। हर रोज़ हमारे आस-पास बहुत से काम होते रहते हैं। इनमें से कई कामों के समय तय रहते हैं। जैसे --

स्कूल का लगना,
समय

खाने की छुट्टी,
समय

पानी पीने की छुट्टी
समय

● ऐसे और कामों की सूची बनाओ। पता करके उनका समय भी लिखो।

काम	समय



सड़कों पर भी बसों का आना-जाना समय के हिसाब से होता है। अब भोपाल बस आई, तो अब इंदौर बस। और अगर वो देर से आए तो हम कहते हैं कि बस लेट हो गई है।

वैसे, सड़क पर एकदम सुबह-सुबह तो कोई नहीं दिखता। फिर काम पर जाते हुए लोग दिखते हैं, स्कूल की ओर जाने वाले दिखते हैं। तुम्हारे वहां कौन-कौन दिखता है सुबह को?





और शाम को सड़क पर क्या-क्या दिखता है?

● यह तो हुई देखने की बात। पर बिना देखे भी तुम बता सकते हो क्या? अभी तुम तो पढ़ रहे हो। पर क्या तुम बता सकते हो कि

- इस समय तुम्हारी माँ क्या कर रही होंगी?

- इस समय पिताजी क्या कर रहे होंगे?

थाने में थानेदार क्या कर रहा होगा?

- मोटर स्टैंड पर हलवाई क्या कर रहा होगा?

दिनांक

● जिस समय स्कूल की छुट्टी होती है, तब ये सब क्या कर रहे होते हैं?


● और सुबह जब तुम्हारा स्कूल आने का समय होता है, तब ये सब क्या कर रहे होते हैं?

नीचे की तालिका को देखो। उसमें जो-जो लिखा है, उसे पढ़ो। उसके बारे में सोचो, बातचीत करो। जो नहीं पता है, उसके बारे में पता करो।

	सुबह	दोपहर	शाम	रात
तुम क्या करते हो?				
घर के और लोग क्या करते हैं?				
घर पर गाय/ बकरी/मुर्गी क्या करती है?				
चिड़िया क्या करती है?				

दिनांक

लेन देन



इस खेल को 2 से 6 खिलाड़ी खेल सकते हैं। खेलने के लिए चाहिए एक पासा, 20-25 कार्ड या पत्ते और खूब सारे कंकड़।

खेल शुरू करने से पहले 2 से 6 बच्चों की हर टोली को अपना एक बैंक बनाना होगा। इस बैंक में 20-25 कार्ड या पत्ते और खूब सारे कंकड़ रखने हैं।

हर खिलाड़ी अपना हिसाब रखने के लिए कॉपी या पट्टी में ऐसा एक चार्ट बना ले।

कार्ड / पत्ते	कंकड़

खेलने का तरीका

1. पहला खिलाड़ी पासा फेंके।
2. पासे पर जो संख्या आई उतने कंकड़ उठा लो। यह संख्या अपने चार्ट के कंकड़ वाले खाने में लिखो। फिर बारी-बारी बाकी खिलाड़ी अपनी चाल चलें।
3. सब खिलाड़ियों को यह ध्यान रखना है कि जैसे ही किसी के पास 10 या उससे अधिक कंकड़ हो जाएँ, तो उसे 10 कंकड़ बैंक को देकर बदले में 1 कार्ड या पत्ता लेना है। और इसे भी अपने हिसाब में लिखना है।
4. सारे खिलाड़ी चाल चलने के बाद अपने चार्ट पर अपना हिसाब जोड़ लेंगे।
5. खेल तब तक चलता है जब तक कि सारे कार्ड खतम नहीं हो जाते।

कार्ड / पत्ते	कंकड़
	5 6
1	1

जैसे, मिसराम के पहली चाल में 5 आया। उसने पांच कंकड़ उठाए और अपने हिसाब में लिख दिए। जब उसकी दूसरी चाल आई तो उसके 6 आया। उसने बैंक से 6 कंकड़ ले लिए। अब उसके पास कुल 11 कंकड़ हो गए। उसने 10 कंकड़ बैंक में जमा किए और बदले में 1 कार्ड ले लिया। उसने अपने हिसाब में पूरा लेन-देन लिख लिया। उसका हिसाब बना : $5 + 6 = 11$

सुशीला का हिसाब इस चार्ट में दिखाया गया है। क्या तुम बता सकते हो कि उसने दूसरी चाल मे कितने कंकड़ उठाए? और चौथी चाल में?

उसने किस-किस चाल के बाद बैंक से कार्ड लिए?

अगर वह सब कार्ड लौटाकर बैंक से कंकड़ ले ले तो उसके पास कितने कंकड़ हो जाएंगे?

3 + 6 + 5 + 5 + 3 = _____

कार्ड / पत्ते	कंकड़
	3 6
	9 5
1	1 5
1	9 3
2	2

कौन जीता?

खेल के अंत में मिसराम के पास 12 कार्ड और 3 कंकड़ थे। सुशीला के पास थे 8 कार्ड और 6 कंकड़। मिसराम बोला - मैं जीता, मेरे पास ज़्यादा कार्ड है। सुशीला बोली - मेरे पास कंकड़ ज़्यादा हैं इसलिए मैं जीती।

तुम बताओ कि इन दोनों में से कौन जीता और क्यों? अगर समझ में न आए तो कार्डों को कंकड़ में बदल के देखो।


(अंत में कार्ड जिसके अधिक होते हैं, वह जीतता है। अगर कभी दो खिलाड़ियों के पास बराबर कार्ड हो जाएँ तब फिर हार-जीत का फैसला कंकड़ गिनकर किया जाता है।)

कार्ड-कंकड़ और इकाई- दहाई

तुमने कक्षा 2 में काड़ी बंडल, मोती माला और इकाई-दहाई की गतिविधियाँ की थीं।

आपस मे चर्चा करो –

- अगर दहाई को इकाई में बदलना है तो कितनी इकाई मिलेगी?
- एक कार्ड के बदले कितने कंकड़ मिलेंगे?
- एक दहाई में कितनी इकाई?
- कंकड़-कार्ड और इकाई-दहाई का क्या कोई संबंध है?


सूखे बाई की साड़ी
गुरू जी की गाड़ी
गजानन की बाड़ी
सन्तु का घर जहां लगे भैंसे का डर
स्कूल के पीछे
स्कूल के सामने
खुला-खुला मैदान जहां सब थूकें पान
बेर का पेड़
लंबे खेत की मेड़
लल्ला जी की भेड़

दिनांक



बाली का स्कूल



ये बाली का स्कूल और उसके आसपास का चित्र है। बाली बेर तोड़ कर स्कूल की ओर जा रही है।

- चित्र को ध्यान से देखो। अब मैं कुछ सवाल पूछता हूँ। तैयार? ----------

गजानन की बाड़ी में क्या दिख रहा है? ----------

और संतू के घर की ओर क्या-क्या ? ----------

और लल्ला जी के खेत मे क्या-क्या ? ----------

सड़क पर क्या-क्या दिख रहा है? ----------

बहन जी की साइकिल स्कूल के सामने है या पीछे? ----------

बाली स्कूल की ओर जा रही है। उसके बांए हाथ पर क्या है? ----------

जल्दी-जल्दी बताओ – मैंने कुछ वाक्य लिखे हैं। चित्र देख कर इन्हें पूरा करो। भरने के लिए इनमें से शब्द चुनो (सामने, पीछे, दाएं, बाएं, ऊपर-नीचे, बीच में)

बाली स्कूल के ---- है।
सड़क स्कूल के ---- है।
बेर का पेड़ स्कूल के --- है।
स्कूल बाली के ----- है।

गजानन की बाड़ी बाली के ----- है।
भैंसे की तरफ बाली का --- हाथ है।
संतू का घर बाली के --- हाथ पर है।
लल्ला जी की भेड़ बाली के ----- है।

अच्छा अब चित्र में जो-जो छूट गया उसे बनाकर पूरा करो :-

- गजानन की बाड़ी में एक गिलकी की बेल बनाओ।
- लल्ला जी के खेत में 3 कौए बनाओ।
- संतू के घर के पीछे एक गाय बांधो।
- बाली के दांए हाथ पर एक कुआं बनाओ।
- खुले मैदान में बाड़ी के पास चार पेड़ बनाओ।
- बाली के बायीं ओर सड़क के पास नीम का पेड़

● तुम अपने स्कूल और उसके आसपास का चित्र बनाओ। क्या चित्र बनाने के लिए स्कूल के बाहर आना होगा? स्कूल के सामने क्या है, पीछे क्या है, सब बनाना। चित्र में अपने आप को भी बनाओ। तुम स्कूल के किस तरफ हो? और तुम्हारा मुँह किस ओर है? इसको सोचने के बाद अपना चित्र बनाना।

दिनांक



क्या घुला

रंग, शक्कर, फूल, नमक,
पत्थर, पेंसिल, चॉक,
पत्ती, हल्दी, कागज़,
आटा, मोम, पन्नी,
और भी चीज़ें जोड़ो



घोलचू और उसके दोस्त बहुत कुछ उठा लाए और लगे पानी में घोलने। कुछ चीज़ें तो घुल गईं। कुछ तो ऐसी थीं कि उस समय घुल गईं, पर बाद में अलग हो कर नीचे बैठ गईं। कुछ और चीज़ों को तो घोलचू अभी तक घोल रहा है।

तुम बताओ, ऊपर लिखी चीज़ों में से कौन-सी चीज़ें घुली होंगी? कौन सी नहीं? कुछ और चीज़ें तुम भी जमा करो और घोलकर देखो।

पहले अनुमान लगाकर तालिका में लिखो, फिर खुद कर के देखो और लिखो। अनुमान कितना ठीक था।

सामग्री का नाम	मेरा अनुमान	करके देखा तो



कौन **बड़ा**, कौन छोटा?





भैंसे जी को लगता है कि चूहे जी बहुत ही छोटे हैं।





पर मक्खी जी को लगता है कि चूहे जी बहुत ही बड़े हैं।

- तो बताओ चूहे जी बड़े हैं कि छोटे हैं? **बड़े हैं / छोटे हैं**
- तुमने चूहे जी को बड़ा या छोटा क्यों बताया?



अब तालिका में भैंसे जी, चूहे जी और मक्खी जी से बड़ी और छोटी चीज़ों के नाम सही जगह लिखो।

भैंसे जी से बड़ी/बड़ा	भैंसे जी से छोटी पर चूहे जी से बड़ी/बड़ा	चूहे जी से छोटी पर मक्खी जी से बड़ी/बड़ा	मक्खी जी से छोटी

तुम्हें कौन सी चीज़ बड़ी लगती है? कौन सी छोटी? क्या अम्मा को भी वही चीज बड़ी या छोटी लगती है?



- 10 ऐसी चीज़ों के नाम पट्टी पर लिखो जो तुमसे बड़ी हैं पर अम्मा जी से बड़ी।
- 10 ऐसी चीज़ों के नाम पट्टी पर लिखो जो तुम से छोटी हैं।

दिनांक


छप छप छपाई

नीचे कुछ चीज़ों के नाम लिखे हैं। बताओ इनमें से किन-किन में हमें कुछ छपा हुआ दिखता है?

किताब, मंजन की शीशी, घर की दीवार, कपड़ा, साइकिल,
चावल, अखबार, साबुन की पन्नी, और चवन्नी

छाप बनाने का काम हम भी कर सकते हैं। इसके लिए हमें चाहिये –

एक आलू, एक ब्लेड, एक छोटा-सा कपड़ा,
स्याही या घुला हुआ होली का रंग, खाली कागज़




कैसे बनेगी छाप

1. आलू लेकर उसमें से एक टुकड़ा काट लो।



2. फिर पेंसिल से उस पर अपना मन पसंद डिज़ाइन बनाओ।


3. अब ब्लेड लो। और डिज़ाइन के बाहर वाले हिस्से को थोड़ा-थोड़ा कुतर कर/काट कर हटा दो। ऐसा करने से डिजाइन तो उभर आयेगा और बाहर वाला हिस्सा दब जायेगा।



4. लो, हो गया तुम्हारा छप-छप तैयार। इससे छपाई करने के लिए पहले एक छोटा-सा कपड़ा लो। उसकी चार-पाँच तह बना लो। तह बनाकर उसे स्याही या घुले हुए रंग से थोड़ा गीला कर लो। ये बन गया तुम्हारा रंग पैड।




5. छापने के लिए खाली कागज़ ले लो। डिज़ाइन को रंग पैड पर दबाओ और फिर कागज़ पर लगाओ।




क्या हुआ, कैसी छपी तुम्हारी छाप?

तितली और चना



एक दिन की बात है। एक लड़की बाज़ार से चने खरीद कर घर ले जा रही थी। उसके झोले से एक चना रास्ते में गिर गया।

जहाँ वो चना गिरा वहाँ एक तितली रहती थी। तितली ने देखा कि अकेला चना बहुत डर रहा है। उसने सोचा, इसकी कुछ मदद करनी चाहिए। पर वो अकेली क्या करती? इसलिए उसने हवा से कहा – चने की कुछ मदद करो।




हवा ने मान लिया और धीरे-धीरे चने के ऊपर मिट्टी डालनी शुरू कर दी। चना मिट्टी से पूरा ढक गया।

तितली रोज़ वहाँ आकर देख लेती थी -- चना फिर कहीं से खुल तो नहीं गया।

एक दिन खूब ज़ोर से आँधी चली -- साँय साँय साँय। आकाश में काले बादल छा गए। बिजली चमकने लगी। बिजली के साथ बारिश भी आ गई। मिट्टी के नीचे दबा हुआ चना एकदम भीग गया।

रोज़ की तरह तितली फिर वहाँ आई। उसने देखे कि जहाँ चना दबा था वहाँ ज़मीन से कुछ निकल रहा था। पास आकर उसने पाया कि वो एक अंकुर था।



कुछ ही दिनों में यह अंकुर काफी बढ़ गया। पौधा बन गया। उस पर छोटे-छोटे पत्ते नज़र आने लगे। एक पतला-सा तना भी दिखाई देता था।

तितली ने पौधे से पूछा – यहाँ एक चना गिरा था वो कहाँ गया?


पौधे ने बताया - मैं उसी चने से बना हूँ। जमीन के अंदर मेरी जड़ है। जड़ मुझे पकड़ कर रखती है, गिरने नहीं देती। और मेरी पत्तियाँ मेरा खाना बनाती हैं।

दिनांक



पौधा धीरे-धीरे बढ़ता गया। वह सूरज की धूप और हवा में खुश होता। तितली को उसे देखने में बहुत मज़ा आता।
एक दिन तितली को कुछ नया-नया दिखा। पौधे की शाखाओं पर बैंगनी रंग के छोटे-छोटे फूल निकल आये थे।

फिर कुछ ही दिनों बाद उन फूलों की जगह घुंघरू सा कुछ लटका हुआ दिखाई दिया।
तितली ने पौधे से पूछा -- ये क्या है? पौधे ने बताया -- घुंघरू में हरा-हरा चना है, वैसा ही जैसे चने से मैं बना था।
तितली बहुत खुश हुई कि अब एक नया चना बन गया है।



1. जहाँ चना गिरा वहाँ एक ———— रहती थी।
2. काले बादलों से ———— हुई।
3. भीगने पर चने से ———— निकला।
4. चने या बेसन से बनने वाली चीज़ों के नाम लिखो।

5. कहानी के चित्रों के नीचे इन नामों को सही जगह पर लिखो।
अंकुर, तना, पत्ती, शाखा, फूल, फल, जड़ ।

कुछ बीज लो। उन्हें स्कूल के पास बो दो। इस जगह को हर रोज़ पानी दो। कितने दिन के बाद पौधा ज़मीन से निकला?



देखो ऐसे उगता है पौधा।

मूंग का उगना



उलट पलट कर लिखो	
चना	नाच
पाना	———
पकी	कीप
पापी	पीपा
लगा	———
राधा	———
———	———
———	———
———	———
———	———
———	———

दिनांक

गोले, गोले और खूब गोले





एक कील या छोटी-सी लकड़ी लो। उसे मिट्टी में गाड़ लो। यूँ।
इस कील पर एक रस्सी या धागा बाँध दो। अब धागे का दूसरा सिरा लो। यहाँ एक डंडी या पेंसिल बाँध लो।


अब धागे को तानो। और पेंसिल को गड़ी हुई कील के चारों तरफ घुमाओ। बन जाएगा एक गोला। पर ध्यान रखो, कहीं कील उखड़ न जाये। उसे तो बस एक ही जगह जमे रहना है।




धागे को छोटा करोगे तो गोले भी होंगे। और धागे को बड़ा करोगे तो गोले भी होंगे। इसी धागे और कील की मदद से ढेर सारे बड़े-छोटे गोले बनाकर दिखाओ।


फिर कील को भी अलग-अलग जगह गाड़ कर गोले बनाओ। कील को कभी इधर कभी उधर, कभी पास कभी दूर गाड़ कर गोले बनाओ। ऐसा करते-करते तुम खूब सार डिज़ाईन भी बना सकते हो। जैसे –चेहरे भी बना सकते हो, बिल्ली भी बना सकते हो।










●एक तरीका और है। एक मोटे कागज़ की एक पट्टी लो। ऐसी- 

●अब इसके दोनों सिरे पर एक-एक छेद कर लो। ऐसे- 

बस,अब पट्टी को कागज़ पर रखो और एक छेद में से आलपिन/काँटा गड़ाओ और दूसरी तरफ पेंसिल गोल घुमाकर देखो कैसा चित्र बना। एक ही पट्टी पर और भी छेद किए जा सकते हैं। 
इससे कई तरह के गोले व चित्र बना सकते हो। पट्टी बनाकर करके देखो।

एक और डिज़ाइन भी बन सकता है,सोचो, इसे कैसे बनाओगे?



दिनांक



भोले दादाजी बोले!



एक बार बोले दादाजी
दो में पाँच घटाओ
और बचे तो, उतने लड्डू
मुझसे लेकर खाओ।




बच्चे बोले - दादाजी,
मत बुद्धू हमें बनाओ,
दो में पाँच घटेगा कैसे?
लड्डू हमें खिलाओ।

(श्री प्रसाद)

• कॉपी में करो –

1. बच्चों ने क्यों कहा की दादाजी आप हमें बुद्धू बना रहे हैं?
2. कविता में किस चीज़ को खाने की बात हो रही है?
3. यदि दादाजी पाँच लड्डू में से दो लड्डू घटाने को कहते, तब कितने लड्डू मिलते?
4. एक जैसी आवाज़ वाले शब्दों की जोड़ी मिलाओ।

दिखाओ	हिलाओ	हटाओ
घटाओ	पिलाओ	सिखाओ



• नीचे के सवालों में जो घटता हो उस पर घेरा बनाओ।


14	35	28	34	5
- 16	- 23	- 26	- 42	- 7
____	____	____	____	____

जादू की सींकें

छज्जू के पास कुछ सींकें थीं। जिन्हें उसके सारे दोस्त जादू की सींकें कहते थे। छज्जू से जब कोई पूछता 5 × 7 कितना होगा? तब छज्जू फटाफट सींकें जमाता और बता देता – 35 होगा। ऐसे ही कितने सारे सवाल वह हल कर देता। लेकिन वह अपना तरीका किसी को नहीं बताता। उसके साथी उसे गुणा वाला जादूगर मानते थे। लेकिन उसकी दोस्त शीला इस बात को नहीं मानती थी। वह हमेशा पता करने की कोशिश करती की छज्जू गुणा कैसे करता है।

आखिर एक दिन शीला ने उसे गुणा करते देख लिया। उसको छज्जू की जादूगरी तुरंत समझ आ गई। बस फिर क्या था, शीला ने छज्जू के तरीके को सबके सामने खोल के रख दिया।

तुम भी जादू की सींकें बना सकते हो।
कैसे बनाओगे ये मैं बताता हूं।



तुम्हें 4 में 3 का गुणा करना है। पहले 4 सींकें एक-एक अंगुल की दूरी पर खड़े में जमा लो। देखो चित्र।

अब 3 सींकें उन पर एक-एक अंगुल की दूरी पर आड़ी जमा लो। जैसे चित्र में दिखाया गया है।
आड़े और खड़े सींक जहां-जहां एक दूसरे को काटते हैं, वे जोड़ हैं। आड़ी और खड़ी सींकों के ये जोड़ गिन लो।
कितना आया? ... यही 4 × 3 के बराबर है। बस
यही काम छज्जू सबसे छुपकर करता था
और सब उसे जादूगर मानते थे। लेकिन अब तो हम और तुम जादू समझ गए हैं। किसी भी संख्या में किसी संख्या का गुणा कर सकते हैं। तरीका वही, सींकों को आड़ा और खड़ा रखना और गिनना।

अब तुम सींकों से गुणा करके नीचे लिखे सवालों के उत्तर लिखो।


4 × 5=	6 × 6=	9 × 4=	3 × 6=	5 × 7=	4 × 8=
7 × 6=	9 × 9=	5 × 5=	8 × 7=	6 × 5=	8 × 8=
7 × 6=	7 × 7=	8 × 5=	4 × 4=	6 ×-9=	3 × 3=

- ऐसे और भी सवाल बनाओ और हल करो। कुछ सवाल बना कर दोस्तों से हल करवाओ।

दिनांक

घर में क्या, स्कूल में क्या






ये है मेरा घर। मेरे घर में हैं –
दरवाज़ा, दीवारें, खिड़की और छत।
घर के बाहर एक पेड़ भी है।

● मुझे बताना है कि **मेरे** घर में ये कहाँ-कहाँ हैं।
एक नाम मैंने भर दिया है।
जो छूट गये हैं उनके सही नाम लिखो।



ये है हमारा स्कूल। हमारे स्कूल में हैं–
घंटा, छत, दीवार, तख़्ता, नक्शा, खिड़की, और खंभा।
स्कूल के बाहर भी एक पेड़ है।
● इस चित्र में भी सही नाम लिखो।





कॉपी में करो।

● कौन-कौन सी चीज़ें घर में भी हैं और स्कूल में भी। स्कूल की कौन-सी चीज़ें घर में नहीं हैं?

● अपने घर का चित्र बनाओ। फिर उसके हिस्से दिखाओ।

●स्कूल का चित्र बनाओ। उसके साथ भी ऐसा ही करो।

जोड़ करो बार-बार
हो जाता है गुणा

● एक डिब्बे मे 10 पेंसिलें हैं। ऐसे 4 डिब्बों में कितनी पेंसिलें होंगी?

10 + 10 + 10 + 10 = 40

↓ ↓ ↓ ↓

1 + 1 + 1 + 1

4




यानी 10 को 4 बार जोड़ा - यानी 10X 4 = 40

● एक गुच्छे में 4 चाबियाँ हैं। ऐसे 4 गुच्छों में कितनी चाबियाँ होंगी ?

4 + 4 + 4 + 4 = 16

4 X ☐ = 16



● एक बाग में फल के पेड़ लगे हैं। एक कतार में 8 पेड़ हैं। पूरे बाग में पेड़ों की 5 कतारें हैं। पूरे बाग में फल के कितने पेड़ हैं ?

8 + ☐ + ☐ ☐ ☐ ☐ = ☐

8 X ☐ = ☐



समीकरण

● 3 + 3 + 3 + 3 = 12 3 X 4 = 12

3 + 3 + 3 + 3 = 3 X 4 = 12

समीकरण का मतलब है = चिह्न के दोनों तरफ समान संख्याएँ हों या फिर ऐसी क्रियाएँ हों जिनका उत्तर समान आता हो। समान से बना है समीकरण।

तुम भी समीकरण बनाओ -

● 5 + 5 + 5 = ☐ 5 X ☐ = ☐

दिनांक

पूँछ पर दौड़

एक लोमड़ी और चींटे में दोस्ती हुई। दोनों ने मिलकर गेहूँ बोया। लोमड़ी हर रोज़ पेट के दर्द का बहाना करती और काम से बच जाती। चींटा अकेला सुबह से शाम तक मेहनत करता था।

जब गेहूँ पककर तैयार हुआ, तब लोमड़ी ने सोचा – क्यों न पूरा का पूरा गेहूँ मैं रख लूँ। उसने चींटे से कहा – दोस्त, इस गेहूँ का बँटवारा क्यों करें?



चींटा बोला – फिर क्या करना होगा?
लोमड़ी बोली – हम दोनों यहाँ से दौड़ लगाते हैं। जो पहले खलिहान पहुँचेगा, वह पूरा गेहूँ ले लेगा।

चींटा तैयार हो गया। लोमड़ी चिल्लाई –एक, दो, तीन।


फिर वह पूरा ज़ोर लगाकर दौड़ी। चींटा लोमड़ी की दुम पर चिपक गया। लोमड़ी को पता तक न चला। खलिहान में पहुँचकर लोगड़ी ने अपनी दुम ज़ोर से हिलाई। चींटा छिटक कर गिर गया और गेहूँ के ढेर पर चढ़ गया।

चींटा चिल्लाया – लोमड़ी तुम कहाँ रह गईं थी। मैं कब से यहाँ आ गया।

लोमड़ी चुप रह गई। चींटा सारा गेहूँ ले गया।

1. कहानी पढ़कर छोड़े गए शब्द भरो -

- दो दोस्त थे; लोमड़ी और ।
- मिलकर बोया ।
- लोमड़ी चिल्लाई - एक ।
- सारा गेहूँ ले गया।



2. पढ़ कर सही/गलत का निशान लगाओ

- चींटा लोमड़ी की दुम पर चिपक गया।
- चींटा पेट के दर्द का बहाना करता था।
- सारा गेहूँ लोमड़ी ले गई।
- चींटा और लोमड़ी में दौड़ हुई।
- चींटा सुबह से शाम तक दौड़ा करता।



3. यहाँ एक लोमड़ी और एक कुत्ते का चित्र दिया है।
दोनों को ध्यान से देखो – उनमें क्या-क्या समानताएं और अंतर हैं?

4. गेहूँ उगाने के लिए चींटे ने क्या-क्या किया होगा?

5. चींटा दौड़ के लिए क्यों तैयार हो गया? तुम्हें क्या लगता है?

6. गेहूँ बाँटने के लिए अगर लोमड़ी यह कहती –

हम दोनो गेहूँ काटते है। जो जितना काटेगा उतना रखेगा।

तो चींटा क्या करता?

7. खेत में 16 बोरे गेहूँ हुआ। लोमड़ी और चींटे में उन्हें बराबर-बराबर बाँटो।
दोनों को कितने-कितने बोरे मिले - लिखो।
लोमड़ी को..... चींटे को


8 चीटा तो लोमड़ी के ऊपर बैठ सकता है। बताओ नीचे में से कौन किस पर बैठ सकता है?

ऊँट, मक्खी, लड़की, कुत्ता, हाथी, घोड़ा, मछली


चींटा बोला	 चिल्लाया	चुप रह गई।
लोगड़ी बोली	चिल्लाई	गेहूँ ले गया।

दिनांक

एक जैसे? या अलग - अलग?



गाय और कुत्ते में कई बातें एक समान हैं।
जैसे, गाय के दो कान हैं, और कुत्ते के भी
.... कान हैं। बोलो, और किन-किन
बातों में ये दोनों एक समान हैं?



पर कई बातों में गाय और कुत्ता
अलग-अलग भी हैं। जैसे, गाय के दो
हैं, पर कुत्ते के नहीं। बताओ, ये
दोनों और किन-किन बातों में अलग हैं?





● नीचे की सूची को देखो। पहले खुद पढ़ने की कोशिश करो।
फिर पता करो -- इन में से क्या-क्या दोनों के साथ जायेगा?
और क्या-क्या केवल एक ही के साथ?

चार पैर हैं
इसका दूध हम पीते हैं
एक मुँह है
चारा, खाना इसका खाना
घर का रखवाला
पालतू जानवर
एक पूँछ है
पैने दाँत हैं
टेढ़ी पूँछ है
दो कान हैं
बछड़ा






● *कॉपी के लिए* । अब इन चीज़ों के बीच 5-5 समानताएं और अंतर ढूंढो।

बैलगाड़ी और **साइकिल**, **चूहा** और **गिलहरी**, **मक्खी** और **मच्छर**,
कॉपी और **किताब**, **नीम** का पेड़ और **बबूल** का पेड़

● जिन चीज़ों का चित्र बना सकते हो उनके चित्र भी बनाओ।

कागज़ भागज़

एक कागज़ लो। उसके एक कोने को मोड़कर सामने मिला लो। नीचे की पट्टी फाड़ लो।



अब इस कागज़ की लंबाई, चौड़ाई बराबर होगी। याने कि यह एक वर्ग है।

इस कागज़ के वर्ग के दो बराबर हिस्से करो।



इन दो हिस्सों को फिर से दो बराबर-बराबर हिस्सों में बाँटो।




अब कागज़ के कितने टुकड़े हो गए ?

इन चारों टुकड़ों को बराबर-बराबर हिस्सों में बाँटो। वर्ग के कितने टुकड़े हो गए?

इन सभी टुकड़ों को जोड़कर क्या तुम कागज़ का वर्ग दोबारा जमा सकते हो? करके देखो।
इन टुकड़ों को और भी छोटा किया जा सकता है क्या ?

● तुमने इस कागज़ के छोटे-छोटे टुकड़े किए हैं। क्या तुम किसी और आकार के कागज़ के इसी प्रकार बराबर-बराबर टुकड़े कर सकते हो? करके देखो।

दो तीन एक ही जितने बड़े कागज़ लो। अब उनके बराबर-बराबर टुकड़े करो। इन टुकड़ों को अलग-अलग चीज़ों पर जमा कर देखो। कितने टुकड़े किस पर आते है? तुम्हारी किताब पर कितने आते हैं? पट्टी पर कितने?





तुम्हें सुनानी चित्र कहानी





बाईं ओर के चित्र को ध्यान से देखो।
इसमें कौन-कौन दिखाई दे रहा है?
चित्र में क्या-क्या हो रहा है?
इस चित्र पर सोच कर कहानी बनाओ।

नीचे के तीन चित्रों को देखो। इनमें तुम्हें एक कहानी नज़र आएगी।
इस कहानी को बोलकर सुनाओ। हो सके तो इसे लिखो भी।








दिनांक

भाग (÷)

भाग करने का मतलब है हिस्से बाँटना। हिस्से ऐसे जो बराबर हों।



गोले में रखी अंटियों को 4 दोस्तों में बराबर-बराबर बाँटना है। चारों ने अपनी-अपनी जगह एक-एक घर बना कर निश्चित कर ली है। लेकिन अंटियां बाँटें कैसे?

शानी तो ऐसे बाँटती है। एक अंटी उठाकर दोस्त 1 के घेरे में।
फिर एक अंटी दोस्त 2 के घेरे में, फिर 3 और फिर दोस्त 4 के घेरे में।

चारों को एक-एक अंटी देने के बाद वह दोस्त 1 से दोबारा शुरू हो जाती है। ओर फिर दोस्त 4 तक जाती है। इसी प्रकार बाँटने का यह क्रम चलता है। और जब बड़े घेरे मे कंचे खतम तो फिर बाँटना भी खतम।

तुम चित्र में दी गई अंटियों को कैसे बाँटोगे?

बाहर से हर अंटी के चित्र के लिए एक-एक कंकड़ लाकर, कंकड़ बाँट सकते हो? करके देखो।

- अंटी की ओर साथ-साथ कंकड़ की संख्या बदल कर तुम और भी अभ्यास कर सकते हो। चाहो तो दोस्तों की संख्या बदल कर भी अंटी उनमें बाँटो।

शानी ओर मेरे तरीके के अलावा और किस-किस तरीके से तुम बराबर-बराबर बाँट सकते हो?

- एक बात आपस में सोच-विचार के लिए –
 तुम भाग का उपयोग कहाँ-कहाँ करते हो?



दिनांक

नई पहेली

खाली जगह में पहेली के चित्र बनाओ।
नाम भी लिखो



☐ पानी में की रानी है
जीवन उसका पानी है।

☐ कांच के गोले में
वह डाले रहता डेरा।
_____ करे रात भर काम
और सो जाता देख सवेरा।

☐ पंख नहीं पर उड़ती हूँ
हाथ नहीं पर लड़ती हूँ।

☐ पानी में का राजा है
टर्र-टर्र उसका बाजा है।

☐ कीड़े मकोड़े खाती है।
हाथ नहीं वो आती है।
_____ कली नाम है उसका आधा,
पूँछ छोड़ छिप जाती है।

☐ दिखने में है काला
बारिश, धूप का रखवाला।

दिनांक

सूरज के मैं साथ निकलती
काला-काला रूप।
और सभी के साथ में चलती
दिनभर बदलूं रूप।

नहीं लगते इनके रोपे
बीज न इनके बोते हैं।
लेकिन फिर भी उगते रहते
सबके तन पर होते हैं।

मैं चलती हूं वो चलती है
मैं रूकती हूं वो रूकती है।

एक लाठी की सुनो कहानी
छिपा है जिसमें मीठा पानी।

देखने में रस्सी या
बिना पैर के चले
जानवर मैं ऐसा
जो देखे वो डरे।


सभी पहेलियों को नम्बर दो। उनके उत्तर लिखो। खाली जगह में पहेलियों के लिए चित्र बनाओ।

1.———— 2.———— 3.———— 4.————
5.———— 6.———— 7.———— 8.————
9.———— 10.———— 11.———— 12————

• ऐसे शब्दों वाली और पहेलियाँ अपनी कॉपी में बनाओ।

दवाई में से 'द' को छोड़ो आगे किसान का 'हल' जोड़ो।

सवाल ही सवाल




1. मोहन अपने भाई-बहनों के लिए रोटी बना रहा था। उसके चार भाई-बहन हैं। हर एक 3 रोटी खाता है। बताओ उसको कुल कितनी रोटियाँ बनानी पड़ीं?

2. छोटी, शीना और गुलाबो कैरी तोड़ने गईं। शीना ने 7, गुलाबो ने 5 और छोटी ने 9 कैरियाँ तोड़ीं। तीनों ने कुल कितनी कैरियाँ तोड़ीं?



3. प्रीति और बाबूलाल के घर में एक बड़ी टंकी है। टंकी में 16 बाल्टी पानी आता है। प्रीति ने 7 बाल्टी पानी टंकी में डाल दिया।अब टंकी भरने के लिए बाबूलाल को कितनी बाल्टी पानी और लानी होगी?

4. गोपीनाथ की दुकान में 25 पैसे की 5 गोलियाँ मिलती हैं। गबरू 1 रुपया लेकर गोलियाँ लेने गया। उसे 1 रुपये की कितनी गोलियाँ मिली होंगी?



5. भौंरीलाल और कमलचन्द्र आम के बाग में गए। भौंरीलाल ने 6 आम तोड़े। कमलचन्द्र ने भौंरीलाल के आम देखकर कहा – मैंने तो तेरे से दुगने आम तोड़े हैं। बता मेरे पास कितने आम हैं?

खोखे में चूज़े


सुक्कू, टिल्लू और मुन्नी ने कहा कि वो खोखों में चूज़े रखेंगे। हर खोखे में एक चूज़े का घर होगा। मुन्नी अपने खोखे ठीक से रख रही है। सुक्कू ने तो चूज़े रखना शुरू कर दिया है। लेकिन टिल्लू तो अभी भी अपने घेरे के चूज़ों को पकड़ने में लगा है।

कौन-सा चित्र टिल्लू का है, कौन-सा मुन्नी का है और कौन-सा सुक्कू का है? चित्रों के नीचे उनके नाम लिखो।

सब को अपने घेरे के चूज़ों को खोखों में भरना है।

हर एक के चूज़ों को उसके खोखों में भरो। हर खोखे में एक।


● किसके खोखे ज़्यादा ऊपर तक भरे?



अगर तीनों को 2–2 चूज़े और मिल जायें, तो किसके पास चूज़ों के लिए खोखे नहीं बचेंगे?

● *अपने आस-पास के चूज़ों को देखो। वे क्या-क्या खाते हैं? किस-किस रंग के होते हैं? किससे डरते हैं? इन सवालों पर चर्चा करो।*

गोपाल गडरिया



चित्र में क्या-क्या दिख रहा है?

लड़के के हाथ में क्या है?

चित्र में क्या-क्या हो रहा है?

- नीचे की सूची को देखो। उसमें से जो चित्र में नहीं हैं उन पर गोला लगाओ –

हाथी, कुत्ता, गाय, बिल्ली, मछली,
बेलन, चींटा, तितली, चूहा, सूरज।

- चित्र में सभी दोस्तों के नाम लिखो।

चित्र में गाय के ऊपर एक मक्खी बनाओ।



चित्र में कौवे के सिर के ऊपर तितली बनाओ।

दिनांक

● यहां पर बहुत सारे अक्षर लिखे हैं। इन अक्षरों से खूब सारे शब्द बनते हैं। शब्द ढूंढ कर उन पर गोला लगाओ। बिज्जो ने तुम्हारे लिए दो शब्द ढूंढे हैं। तुम भी अपने शब्दों को तालिका मे सही जगह भरो।

कौ	स	म	ल	तो	ड़	ता
वा	ज्ञ	छ	प	ता	जा	गा
नी	म	ली	की	लो	म	ड़ी
ब	पी	प	ल	के	री	छ
हा	ना	पी	टा	ला	से	चू
र	ह	ता	आ	ख	ब	हा
ता	ड़	इ	म	ली	ड़	थी

जो शब्द बनते जाएँ उन्हें यहाँ लिखो।

जैसे - कौसम, मछली, ...

पशु, पक्षी, कीड़े	पेड़, पौधे, झाड़ी	काम
मछली	कौसम	

● कहानी पूरी करो।

गोपाल नाम का एक लड़का ------- में रहता था।
वह रोज़ जंगल में गाय चराने जाता था। गाय का नाम उसने रम्भा रखा था।
---------- रोज़ दूध देती थी।
गोपाल के दो दोस्त थे। एक कुत्ता, जिसका नाम कारो था।
और दूसरा था एक कौवा। कौवे का नाम था ---------- ।
एक दिन जब गोपाल जंगल में जा रहा था तो उसने एक अजीब चीज़ देखी

● *तुम्हारे ख्याल से कौवा गोपाल से क्या कह रहा होगा?*



आगे बढ़ाओ



इन अंकों को देखो – 1, 5, 9, 13, 17, 21, ... (इस पैटर्न में हर दो अंकों के बीच चार का अंतर है।) बताओ 21 के बाद क्या आना चाहिए? अब इसी तरह नीचे वाले पैटर्नों को देखो और आगे बढ़ाओ।

28, 27, 26, 25, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

5, 10, 15, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

44, 43, 42, 41, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

14, 12, 10, 8, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

3, 5, 7, 9, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

25, 20, 15, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

62, 52, 42, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

2, 4, 8, ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ..., ...

ऐसे और पैटर्न खुद सोचकर बनाओ, तुम करो, दोस्तों से भी कराओ।

चेहरे

इन चेहरों को देखो। फिर आगे पढ़ो।











किसके जैसे चेहरे ?

अच्छा बताओ, तुम ज़्यादातर किस चेहरे जैसी दिखती हो? या दिखते हो?

तुम्हारी सहेली या दोस्त किस चेहरे जैसे दिखते हैं? चाहो तो चेहरों के सामने उनके नाम लिखो।

जब तुम्हें गुस्सा आता है तो तुम कैसे दिखते होगे? ऊपर से सही चित्र छाँट कर उसे पूरा करो।

क्या ऊपर के चेहरों में गुरूजी या बहनजी का चेहरा भी है? उसे भी छाँट कर पूरा करो।

- चर्चा करो -- तुम्हें किन बातों पर गुस्सा आता है?
- और गुरूजी या बहनजी को किन बातों पर गुस्सा आता है?

दिनांक



डोकरी माँ

डोकरी माँ डोकरी माँ, डोकरी माँ – का करे है?
बेटा, मैं तो सुई ढूँढूँ हूँ।




डोकरी माँ, सुई को का करेगी?
बेटा, थैली सिऊँगी।

माँ, थैली को का करेगी?
बेटी, रूपये रखूँगी।

माँ, तू रुपये को का करेगी?
बेटी, एक गैस खरीदूँगी।

माँ, गैस को का करेगी?
बेटी, दूध लगाऊँगी।

माँ, दूध को का करेगी
बेटी दही जमाऊँगी।



माँ, दही को का करेगी?
बेटा, मक्खन निकालूँगी।

माँ, मक्खन को का करेगी?
बेटा, घी बनाऊँगी।

माँ, घी को का करेगी?
हम सब मिलकर खायेंगे।

तब तो बड़ा मज़ा आयेगा!
हा, हा, हा!

1. डोकरी माँ सुई क्यों ढूँढ रही थी?

2. डोकरी माँ भैंस क्यों खरीदना चाहती थी?

3. डोकरी माँ रुपये किसमें रखेगी?

4. दूध का क्या-क्या बनता है?


खाली जगह भरो

डोकरी माँ थैली -------- ।
(जमायेगी/सियेगी/खायेगी)

डोकरी माँ घी -------- खायेगी।
(अकेले/बांटकर/छिपकर)

डोकरी माँ रुपये से -------- खरीदेगी।
(बीज, भैंस, ठेला, मोटर)

कविता के अनुसार सही क्रम में जोड़ो



कविता में <u>माँ</u> शब्द जहाँ भी आया है, उसके नीचे लाईन खींचो।

गा	गी
सिऊँगा	सिऊँगी
रखूँगा	--------
लगाऊँगा	--------
------	निकालूँगी
------	बनाऊँगी
खाएगा	------

अगर तुम्हें रुपये मिलें तो तुम क्या करोगे? जो करोगे उसका चित्र नीचे बनाओ।

दिनांक



शरीर नापो

बित्ता, अंगुल, हाथ और **कदम** से हमने कई चीज़ें नापीं – जैसे मेज़, तख़्ता, कमरे की लम्बाई।


• अपने बित्ते से अपने पैर का तलुआ नापो।
मेरा दावा है कि बित्ता और तलुआ दोनों के नाप बराबार होंगे।
तलुए को अगुल से नापो। कितने अंगुल लम्बा है तुम्हारा तलुआ?





• बित्ते से अपने पैर को एड़ी से घुटने तक नापो।
मेरा दावा है कि ये लम्बाई पांच बित्ते होगी।

• बीच में उंगली से कोहनी तक अपना हाथ बित्ते से नापो।
मेरा दावा है कि ये लम्बाई
बित्ते ही होगी।





• कलाई से कंधे तक तुम्हारा हाथ कितने बित्ते लम्बा है?

तालिका भरो –

क्या	कितने बित्ता लम्बा	मेरे कौन-कौन से दावे सही निकले?
पैर का तलुआ पैर – एड़ी से घुटने तक हाथ -- कोहनी तक हाथ -- कंधे तक		

नीचे की सूची को देखो। इनमें से क्या-क्या एक बित्ते से कम है? उन पर गोला लगाओ। और क्या-क्या दो बित्ते से ज़्यादा है? उन पर सही का निशान लगाओ।

कलाई की गोलाई, नाक की लम्बाई, कमर की गोलाई, छाती की गोलाई

तुमने ये कैसे पता किया?

संख्या काटो

अपनी पट्टी या कॉपी पर एक जाली बनाओ। चार खाने आड़े में और चार खाने खड़े में। हर खाने में एक संख्या लिख लो। संख्या 0 से 100 के बीच की होनी चाहिए। (0 और 100 भी शामिल हैं।) कोई भी संख्या दुबारा नहीं लिखना है।
(एक जाली मैंने उदाहरण के लिए भरी है।)

4	20	34	17
12	5	61	44
45	71	84	40
33	65	10	99


सबने जब अपनी-अपनी जाली बना ली तब गुरुजी या कोई विद्यार्थी संख्याएँ बोलेगा।
उसके पास 0 से 100 तक की पूरी संख्याएँ लिखी होगी।
जैसे-जैसे वह संख्या बोलेगा, वह अपने चार्ट पर संख्या काट लेगा।
बाकी सब को भी अपनी-अपनी जाली में से संख्याएँ काटनी हैं।

जैसे अगर गुरुजी ने बोला 'सत्तर' तो जिनकी जाली में '70' होगा वे सब उसे काट लेंगे। जिनकी सब संख्याएँ पहले कट जाएँगी, वह पहला नम्बर आएगा। यदि उसने कोई भी गलत संख्या काटी है तो वह आऊट हो जाएगा। (गुरुजी को अपने चार्ट से वे संख्याएँ देखनी हैं जो उन्होंने बोल दी हैं।)
जैसे अगर गुरुजी बोला 'बत्तीस' और किसी ने '23' काट दिया तो वह आऊट हो जाएगा।
एक-दो पाली एक-एक संख्या बोल कर खेली जा सकती हैं। एक संख्या बोलने के लिए-ऐसे भी बोल सकते है नौ दहाई और आठ इकाई। बताओ कौन-सी संख्या कटेगी?

दूसरा खेल

पहले खेल की तरह एक जाली बना लो और उसमें पहले की तरह 0 से 100 के बीच की (संख्याएँ) भर लो।
इस खेल में एक-एक संख्या बोलने के बजाए इस तरह से निर्देश देंगे-

इस जाली में संख्या भरकर लेलो




-एक अंक वाली सभी संख्याएँ काट दो
-इकाई में 5 हो, ऐसी संख्याएँ काट दो।
-दहाई में 2 हो, ऐसी संख्याएँ काट दो।
इन निर्देशों के से कौन-सी संख्याएँ कटेंगी? ऐसे और निर्देश सोचो और खेलो।


पहले खेल की तरह वह पहला नम्बर आएगा जिसकी जाली की सब संख्याएँ पहले कटेंगी। पर खेल तब तक जारी रहेगा जब तक सब संख्याएँ कट जाएँ।

नई पुरानी, साइकिल रानी

अज्जू ने देखी दादाजी की पुरानी साइकिल। उसने कहा – दादाजी, आपकी साइकिल तो बहुत पुरानी हो गई है। इतनी पुरानी हो गई है कि इसमें से कई चीज़ें गायब हो गई हैं।

फिर अज्जू ने उस साइकिल का चित्र बनाया। बताओ इस साइकिल में क्या-क्या गायब हो गया है? उसे चित्र में जोड़ो।






अज्जू ने कहा – दादाजी, आपकी साइकिल दुनिया की सबसे पुरानी साइकिल है न? दादाजी – अरे नहीं अज्जू, साइकिलें तो बहुत पहले से बनती चली आ रहीं हैं। देखो, आज से एक सौ पच्चीस साल पहले ऐसी होती थी साइकिल।

- क्या तुम इस साइकिल से हिस्से पहचान सकती हो? हिस्से पहचान कर सही जगह पर लिखो।
- दादाजी की साइकिल के चित्र में भी यही करो।

अज्जू ने पूछा – तो क्या शुरू से ही साइकिल ऐसी बनती थी? दादाजी – नहीं, जब ये पहली बार बनी, तब और भी अलग दिखती थी। आज से डेढ़ सौ साल पहले का ये चित्र देखो।

- एक सौ पच्चीस साल पहले की साइकिल और अब की साइकिल में अंतर और समानता ढूंढो।
- इसी तरह एकदम शुरू की साइकिल और एक सौ पच्चीस साल पहले की साइकिल में अंतर और समानता ढूंढो।



तीन विचित्र



एक समय की बात है। एक आदमी के तीन बच्चे थे – दो लड़के और एक लड़की। तीनों ही बड़े विचित्र थे।




पहले बेटे के कान बहुत ही तेज़ थे। इतने तेज़ थे कि वह दूर घास पर चलते हुए एक छोटे-से कीड़े की आवाज़ तक सुन लेता था।



दूसरे बेटे की नज़र बहुत ही तेज़ थी। वह एक मील की दूरी से भी रेत का एक दाना देख सकता था।

और एक जो बेटी थी, वो तो और भी विचित्र थी। वह हर चीज़ गिन सकती थी, चाहे वह पेड़ों की पत्तियाँ हों या आसमान के तारे।



न जाने क्यों, इन तीनों में नई-नई जगहों को देखने की बहुत चाह थी। इसलिए, एक दिन तीनों ने अपने माँ-बाप से विदा ली और लंबी यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने अपने पास एक बाजरे के बोरे के अलावा कुछ और न रखा। बाजरा उन्होंने इसलिए साथ रखा था क्योंकि वह उनके खाने के काम आता।




दोपहर तक वे एक नदी के किनारे पहुँचे। नदी तो नाव से ही पार की जा सकती थी। उन्होंने वहाँ के एक मल्लाह से उसकी छोटी-सी नाव किराए पर ली। तीनों भाई-बहन नाव में धीरे से चढ़े। और बाजरे का बोरा भी संभालकर नाव में रख लिया।

मल्लाह ने नाव दूसरे किनारे की तरफ खेना शुरू किया। नाव कुछ ही दूर गई होगी कि एक लड़का चिल्लाया, "ठहरो! इस बोरे से एक दाना फिसल कर नदी में जा गिरा है। मैंने अभी उसके गिरने की आवाज़ सुनी है।"

मल्लाह को तो विश्वास ही नहीं हुआ। वह रूका ही नहीं। इस पर लड़की बोली, "रूको, रूको, मैंने सारे दाने गिन लिए हैं। बोरे में सचमुच एक दाना कम है।"

दूसरा लड़का बोला, "मैं नदी में अभी डुबकी लगाता हूँ। मुझे दाना ज़रूर दिख जायेगा।" यह कहकर उसने नदी में छलांग लगा दी।



और खुशी से बोला, "देखो- देखो, यह रहा बाजरे का वह दाना। अच्छा हुआ कि भईया ने इसके गिरने की आवाज़ सुन ली और दीदी ने बाजरे की गिनती कर ली।" यह कहकर वह नाव पर चढ़ गया और दाना बोरे में डाल दिया।

"शाबाश" सबने उससे कहा। फिर तीनों ने मल्लाह से कहा, "चलो मल्लाह, उस पार ले चलो, देखें आगे क्या होता है?"

● तीनों विचित्र बच्चों को नाम दो और यहाँ लिखो।

● खाली जगह भरो

तीन भाई-बहन थे। एक के बहुत तेज़ थे। दूसरे की बहुत तेज थी। एक हर चीज़ सकती थी।

● कॉपी में करो।

- तीनों भाई-बहन के पास क्या-क्या सामान था?

- तीनों भाई-बहन कब तक नदी पहुँचे?

- नदी पार करने के लिए उन्होंने क्या किया?

- पहले भाई ने नाव को क्यों रुकवाया?

● चर्चा करो। ***बाजरे का दाना बचाने में सबसे बड़ा काम किसने किया?***



(1) क्या उसने जिसने बाजरे के दाने के गिरने की आवाज सुन ली?
(2) क्या उसने जिसने नदी के तल से बाजरे का दाना ढूंढा?
(3) क्या उसने जिसने फौरन बोरे के सारे दाने गिनकर बता दिए?

● नदी पार करने के बाद आगे क्या हुआ होगा? कहाँ गए होंगे तीनों भाई-बहन? क्या तुम सोचकर बता सकते हो?

● नदी पहुँचने के लिए तीनों भाई-बहन 8 कोस चले थे। नदी पार करके वे उस दिन 13 कोस और चले। तो बताओ वे उस दिन कितने कोस चले?

● नाव चलाने वाला = मल्लाह मल्लाह पतवार से नाव चलाता है।


मछली पकड़ने वाला = ----- ---- --- से मछली पकड़ता है।

कपड़े धोने वाला = ----- ---- --- से कपड़े धोता है।

भिन्न

- रोटी जैसी गोल चीजें कौन-कौन सी होती हैं?


.....





और गेंद जैसी?.....

- रोटी जैसी एक गोल चीज़ को नीचे दिखाया है। अब हम इसके बराबर-बराबर टुकड़े करेंगे।


एक गोला 

आधा गोला $\frac{1}{2}$ 

$\frac{1}{2}$ गोला 

पाव/चौथाई गोला $\frac{1}{4}$ 

$\frac{1}{4}$ गोला 

पौन गोला $\frac{3}{4}$ 

$\frac{3}{4}$ गोला 

* एक कागज़ की गोल चकती लेकर उससे आधी, चौथाई और पौन चकती बनाओ।

* आधे गोले में कितने पाव गोले आएंगे?

चौकोर के और कागज़ के बराबर-बराबर टुकड़े हमने पहले किए थे। याद है?

सोच कर बताओ : आधा बड़ा है या पाव? क्यों?
कैसे बता पाये?

पौन छोटा है या पाव? क्यों?

आधे में कितने पाव आते हैं?.....

चौकोर को आधा करने के, चौकोर के आधे को आधा करने के कई तरीके हैं।

गोल को तुम कितने अलग-अलग तरीकों से आधा कर सकते हो?

आधा, पाव, पौन, इन सब शब्दों को आमतौर पर तुम कहाँ-कहाँ इस्तेमाल करते हो?


दिनांक



पेड़ और पत्ते

एक दिन मुझे गोपाल गड़रिया मिला। वह जंगल से आ रहा था। उसने कहा – आज तो जंगल बहुत सुंदर लग रहा था। अभी तो जंगल में बहुत पानी है। इसलिए तरह-तरह के पेड़, घास और झाड़ियाँ दिखाई दे रहीं हैं।

मैंने गोपाल से कहा – फिर तुम उसका चित्र क्यों नहीं बना देते? गोपाल ने ऐसा ही किया। देखो उसका बनाया हुआ चित्र।



● बताओ गोपाल के चित्र में -

कहाँ-कहाँ पर है घास? कहाँ-कहाँ पर हैं झाड़ियाँ? और कितने हैं पेड़?

मन से सोचकर उन पर अलग-अलग निशान लगाओ।

1. तुम्हारे आसपास कौन-कौन से पेड़ हैं? उनके नाम लिखो।

2. काँटे वाले पेड़ कौन-कौन से हैं?

3. काँटे वाली झाड़ियाँ कौन-कौन सी हैं?

4. सबसे लंबे काँटे कौन से पेड़ के हैं?

5. सबसे लंबे काँटे कौन सी झाड़ी के हैं?

हमने यहाँ दो पत्तियों का चित्र बनाया है। तुम भी ऐसा चित्र बना सकते हो। इसके लिए पत्ती को कागज़ के नीचे रखो। अब जहाँ पत्ती रखी है, उसपर पेंसिल या मोम कलर रगड़ो। देखो नीचे रखी पत्ती का चित्र उभर आएगा। ऐसे-





● ऊपर खाली जगह में और पत्तियों के चित्र बनाओ। इसी तरह अपनी कॉपी/पट्टी पर भी बनाओ।

● नये पत्ते किस-किस मौसम में उगते हैं?





क्या तुमने देखा है – जब ये पत्ते उगते हैं तो किस-किस रंग के होते हैं?

तालिका में नाम भरो।

अलग-अलग तरह के बहुत सारे पत्ते ढूंढकर लाओ। इनमें से कौन से नोंकवाले हैं? कौन-कौन से बिना नोंक के? नीचे नाम लिखो।









तुम्हारे पास जो पत्ते हैं उनके किनारे देखो।
कौन से ⌣ हैं ?
और कौन से ∧∧∧ ?
तालिका में उनके नाम लिखो।




नुकीले	गोल
पीपल	बरगद

⌣	∧∧∧


भर–भर छप–छप

छप छप छपाई वाले पन्ने में हमने से छपाई की थी। उस पन्ने को फिर से देखो। कैसे की थी हमने छपाई?



यहाँ पर भी हम छपाई करेंगे। पर इस बार कुछ और चीज़ों के साथ। ये छाप भिंडी के टुकड़ों से बनी है। और किन-किन चीज़ों से छाप बन सकती हैं?


सामने के चौकोर को देखो। बताओ इसमें आलू वाले कितने डिज़ाइन छाप सकते हो?



और भिंडी वाले कितने आयेंगे? यह पता करने के लिए कॉपी में इतना ही बड़ा चौकोर बनाओ। फिर उसमें भिंडी वाले छाप सटा-सटाकर लगाओ और गिनो।


•*अगर छाप सटा-सटाकर नहीं लगे हों तो क्या होगा?*





बताओ इस गोले को भरने के लिए कितने भिंडी वाले छाप लगेंगे?

अच्छा, नाव में कम छाप लगेंगे कि उसके पाल में? कितने कम?



• *अब अपनी मर्ज़ी से कागज़ पर कई चित्र बनाओ और उसमें छपाई करो।*



दिनांक

संख्या चार्ट पर जोड़, घटा, गुणा के पैटर्न

इस चार्ट में 0 से 100 तक की संख्याएँ लिखी हैं। इसकी सहायता से तुम जोड़, घटा, गुणा कर सकते हो और मज़ेदार पैटर्न भी देख सकते हो।

जोड़ना: जोड़ करने के लिए इस➡ दिशा में चलना होता है। अगर तुम्हें 2 में 3 जोड़ना है तो 2 पर शुरू करो और 3 खाने आगे गिनो। कितने पर पहुँचे? 2 कंकड़ और 3 कंकड़ जोड़कर देखो। क्या उत्तर वही आया जो संख्या चार्ट पर आया था?



0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
20	21	22	23	24	25	26	27	28	29
30	31	32	33	34	35	36	37	38	39
40	41	42	43	44	45	46	47	48	49
50	51	52	53	54	55	56	57	58	59
60	61	62	63	64	65	66	67	68	69
70	71	72	73	74	75	76	77	78	79
80	81	82	83	84	85	86	87	88	89
90	91	92	93	94	95	96	97	98	99
100									

घटाना: घटाने के लिए इस⬅ दिशा में चलना होता है। 8 में से 2 घटाना है तो चार्ट पर 8 से शुरू करो और 2 खाने पीछे गिनो। कितने पर पहुंचे? 8 कंकड़ में से 2 कंकड़ निकालो। कितने बचे? क्या चार्ट पर चलने से और कंकड़ से गिनने पर उत्तर एक ही आया?

इस चार्ट पर जोड़ घटा के और सवाल भी करो। एक बच्चा सवाल दे और दूसरा हल करे।

गुणा: अगर 3 में 4 का गुणा करना है तो 0 से गिनना शुरू करो। तीन घर गिनो यानी 3 पर कंकड़ रखो। फिर से 3 घर गिनो और कंकड़ 6 पर रखो। एक बार और 3 घर गिनो- 9 पर कंकड़ रखो। अब चौथी बार 3 घर गिनो 12 पर कंकड़ रखो।

3 घर 4 बार गिने तो 12 पर पहुँचे यानी $3 \times 4 = 12$ ऐसे और सवाल करो।

दिनांक

अपने पैटर्न बनाओ

बिरजू और सुशीला ने चार्ट पर पैटर्न बनाने का खेल खेला। बिरजू ने कहा 4 से शुरू करो और हर तीसरे घर पर रुको। सुशीला ने ऐसा ही किया। जहाँ रुकती, वहाँ एक कंकड़ रख देती। ऐसा करते हुए वह 16 तक पहुँची - फिर सुशीला ने अपना पैटर्न यूँ लिखा-

4 7 10 13 16

अब सुशीला ने कहा 28 पर शुरू करो और उल्टे चलते हुए हर पाँचवे घर पर रुको। ऐसा करके 3 तक पहुँचो। बिरजू यह पैटर्न कैसे लिखेगा नीचे लिखो।

■ नीचे लिखे पैटर्न बनाओ।

- 25 से उल्टे चलकर कर हर पाँचवें घर पर रुको। 5 तक पहुँचो।

 25 , 20 , , , , ,

- 3 से आगे चलो। हर चौथे घर पर रुकते जाओ। 27 तक पहुँचो।

 3 , 7 , , , , , , 27

- 7 से आगे चलो, हर तीसरे घर पर रुकते जाओ, 25 तक पहुँचो।

 7 , 10 , , , , , , 25

- 44 से पीछे चलो, हर छटवें घर पर रुकते जाओ, 14 तक पहुँचो।


 44, 38, , , , 14

दिनांक



बिल्ली मौसी कहां से आई?
बेटा मैं शादी हो आई।
वहा पे तुमने क्या देखा बाई?
बेटे मैंने देखा हलवाई।
फिर तुमने क्या पूड़ी खाई?
नही, मैंने तो खीर गिराई।
फिर तो तुमने मौज उड़ाई।
नहीं मैंने तो खाई पिटाई।

बिल्ली मौसी





• कॉपी में लिखो

- शादी पर कौन गयी थी?
- बिल्ली को शादी से क्यों भगाया होगा?
- बिल्ली ने शादी में क्या खाया?
- हलवाई क्या-क्या बना रहा होगा?



• नीचे शादी का चित्र बनाओ।



- तुमने कभी कोई शादी देखी है?
- कहाँ पर?
- क्या-क्या होता है शादी में?

• आगे ऐसी ही आवाज़ वाले शब्द जोड़ो

खाई, गाई, आई, ———————————————— मिठाई

शादी, दादी, ————————————————————

दिनांक

सिक्का खेल



दो-दो या चार-चार की टोली में बैठो। अब हर टोली के लिए एक सिक्का लेकर आओ।

पहले सब एक-एक बार सिक्का उछालकर देखो – चित आया या पट?

चित ऐसा होता है  और पट ऐसा होता है। 

अब हर साथी दस-दस बार सिक्का उछाले। जब चित आये तो नीचे की तालिका में चित के नीचे सही (✓) का निशान लगाओ और पट के नीचे गलत (✗)।



चित	पट

चित	पट

चित	पट

चित	पट

तालिका में देखो। क्या कहीं एक साथ चित ही चित आया?

एक बार में लगातार सबसे ज़्यादा चित ही चित किसके आए?

इसी तरह पट ही पट के बारे में भी देखो।

सब तालिका को जोड़ कर बताओ :


कुल कितनी बार सिक्का उछाला?

चित कितनी बार आया?

पट कितनी बार आया?

दिनांक

पत्ते और पत्ते



तुमने पलाश का पेड़ देखा होगा। उसके पत्ते खूब बड़े-बड़े होते हैं पलाश के पत्ते 3-3 के झुंड में लगते हैं। बेलपत्री के पत्ते भी 3-3 के झुंड में लगते हैं।

क्या कुछ और ऐसे पेड़ या पौधे हैं जिनमें पत्ते 3-3 के झुंड में लगते हों? नीचे इनके नाम लिखो।



इमली, गुलमोहर, नीम आदि पेड़ों पर छोटी-छोटी पत्तियाँ होती हैं। ये पत्तियाँ दो-दो की जोड़ी में एक दूसरे के आमने-सामने लगती हैं।

इमली की एक टहनी पर कितनी पत्तियाँ होंगी?
नीचे से गिनना शुरू करें तो –
पहली जोड़ी तक; एक जोड़ी में ----------
दूसरी जोड़ी तक; दो जोड़ी में ----------
तीसरी जोड़ी तक; तीन जोड़ी में ----------

इस तरह हम और आगे भी बढ़ सकते हैं।
अब इसी तरह पलाश की पत्तियों के झुंडों में पत्तियों को गिन कर देखो।

इमली और पलाश की पत्तियाँ गिन कर नीचे खानों में भरो। पहले इमली की –

इमली

एक जोड़ी	दो जोड़ी								
2	4								

12 जोड़ी वाली इमली की टहनी में कितनी पत्तियाँ हैं?

दिनांक

पलाश

एक झुंड	दो झुंड								
3	6								


मोगरा, चमेली, सेमल, पुआंड़, गुलाब, करंजी (कंजी), बलासी, चांदनी, कबीट, विलायती इमली (जंगल जलेबी), चिरोटिया आदि की पत्तियों को देखो। क्या इनकी पत्तियाँ भी कुछ निश्चित संख्या के झुंडों या जोड़ियों में रहती हैं? छाँट कर यहाँ उनके नाम लिखो।

इनमें से 5, 7, 9 झुंड वाली पत्तियां ढूँढो।
इनके लिए भी पलाश के लिए बनी तालिका जैसी तालिका कॉपी में बनाओ।

● और भी पत्तियां देखो। कौन-सी जोड़ियों में होती हैं और कौन-सी झुंड में? सभी पत्तियों को देख कर नीचे की तालिका भरो।

क्रम	पत्ती जोड़ी में	पत्ती 3 के झुंड मे	4 के झुंड में	5 के झुंड में	6 के झुड मे	7 के झुंड में
1	नीम	पलाश (ढाक)	विलायती इमली			
2						
3						
4						
5						


तालिका को सभी पत्तियों के लिए 10 झुंड तक कॉपी मे आगे बढ़ाओ। कॉपी में पत्तियों के चित्र भी बनाओ।




दढ़ियल नरियल



एक जैसे आवाज़ वाले शब्दों के कई खेल हम खेल चुके हैं। जैसे आलू-भालू-कालू। यहाँ भी हम एक जैसी आवाज़ों वाले शब्दों के खेल खेलेंगे। लेकिन थोड़ा फर्क रहेगा। यहाँ ऐसे दो शब्दों को लेना है जो आम तौर पर एक साथ नहीं आते। जैसे – **दढ़ियल नरियल** या **बाजा राजा** या **मामा पजामा**। इन नामों में एक जैसी आवाज़ भी है।
और इनका अर्थ भी थोड़ा मज़ेदार है।





ज़रा सोचो, कैसा होगा ये दढ़ियल नरियल ? कितनी लम्बी दाढ़ी होगी? बाजा राजा जी बाजों के राजा हैं या राजाजी के बाजा हैं? और मामा पजामा तो पजामे के मामाजी होंगे भई। कैसे दिखते होंगे अपने मामा पजामा?

इसी पन्ने पर मैंने इसमें से कुछ के चित्र बनाए हुए हैं। क्या तुम उन्हे पहचान सकते हो? पहचान कर उनके नाम लिखो।

* अब तुम्हारी बारी है। पहले तो ढेर सारे ऐसे नाम सोचो। उन्हें यहाँ लिखो।
* फिर उनके चित्र भी बनाने की कोशिश करो।




नरियल *नारियल*


पजामा *पायजामा*

दिनांक

किसमें कितना



कक्षा में बोतलें, डिब्बे, गिलास, लोटे, बाल्टी आदि इकट्ठे करो।



कितने लोटे पानी से बाल्टी भरी? ☐

एक लोटे से कितनी कटोरियाँ भरी जा सकती हैं? अनुमान लगाओ। ☐

अब भर के देखो। कितनी कटोरियाँ भरीं? ☐

इसी तरह बाकी चीज़ों के साथ करके देखो।

घर पर बर्तनों के साथ भी तुम यह प्रयोग कर सकते हो।

सबसे बड़ी कौन-सी चीज़ है? ----

सबसे छोटी चीज़ ? -----

● ***कुछ और सवाल***

एक गिलास पानी को कम से कम कितने घूँट में पी सकते हो? । करके देखो।

और एक लोटे पानी को कम से कम कितने घूँट में?.....

चाय के गिलास को कम घूँट में पीते हो कि पानी भरे गिलास को?


क्यों?

.....

● ***अजूबा सवाल***

अगर तुम्हें ऐसा बर्तन मिल जाए, जिसे रगड़ने पर जिन्न निकलता है, तो तुम क्या करोगे?

पारवती की यात्रा



● इस लंबू चित्र को ध्यान से देखो। क्या-क्या दिख रहा है इस चित्र में? कहीं कोई सड़क दिखी क्या? हां? तो उसमें काला रंग भरो। इसमें एक नदी भी है। उसमें नीला रंग भरो।

● सड़क पर एक जगह अबगांव लिखा हुआ है। और एक जगह भोपाल लिखा हुआ है। बताओ बैलगाड़ी भोपाल की ओर जा रही है या अबगांव की ओर?

● बैलगाड़ी में बैठे हैं खेमराम, पारवती, और उनके माता-पिता। रास्ते में उन्हें एक मछली दिखी। वह उनकी **दाईं** ओर थी, सड़क के किनारे। चित्र में देखो मछली पारवती से दाईं ओर है या नहीं।

बताओ, पारवती की दाईं ओर सड़क के किनारे क्या-क्या है? और पारवती की बाईं ओर सड़क के किनारे क्या-क्या है?

● बताओ सही या गलत –

1. चित्र में चार मटकियां नजर आ रही हैं।
2. पांच खेत दिख रहे हैं।
3. तीन कुत्ते हैं।
4. नदी में पानी नहीं बह रहा है।

● क्या खेमराज और पारवती को रास्ते में -

एक पुलिया पड़ी? एक दुकान दिखी? एक गाय मिली?

इनमें सबसे पहले क्या मिला होगा? इनमें से अबगांव के सबसे पास क्या है? और सबसे दूर क्या?


● अगर बैलगाड़ी अबगाव की ओर जा रही होती तो उन्हें पहले क्या मिलता?

● तुम्हारे गांव के सबसे पास कौन-सा शहर है? या तुम्हारे शहर के सबसे पास कौन-सा गांव है? तुम्हारे गांव/शहर से वहां कैसे जाते हैं? रास्ते में क्या-क्या पड़ता है?

और सवाल

1. लालू के पास 7 गोटियां थीं। सेवंती के पास उससे दुगुनी गोटियां थीं। सेवंती को 6 और गोटियां मिल गईं। अब किसके पास ज्यादा गोटियां हैं?

2. मटरू और रानू स्कूल से अपने-अपने घर की ओर चले। दोनों के घर एक दूसरे से उल्टी दिशा में थे। जब मटरू 9 कदम चला था और रानू 8 कदम, तब वे एक दूसरे से कितने कदम दूर थे?



3. स्कूल में 4 कुर्सियां और 2 बैंच है पर 3 शिक्षक

स्कूल में एक ही समय में अधिक से अधिक कितने शिक्षक बैठ सकते हैं?

4. मटरू के पास 10 गुटके हैं। रानू के पास मटरू से दुगने गुटके है। गीता के पास मटरू से आधे गुटके हैं। तीनों के पास कुल कितने गुटके हैं?

5. शीला के पास 2 रुपये थे। उसने 25 पैसे की गोली, 25 पैसे का चूरन और 50 पैसे की रबर ले ली। उसके पास कितने पैसे बचे?




6. कल्लू किसान के पास –
2 जोड़ी बैल, 10 गाय, 2 कुत्ते और 2 साईकिलें हैं
तो कल्लू के पास कितने जानवर हैं?

मीनू और रानू

मीनू और रानू दो दोस्त थे। एक दिन वो जंगल में आम बीनने गए। आम बीनते-बीनते वे एक दूसरे से अलग हो गए।


मीनू ने रानू को आवाज़ दी और रानू ने मीनू को। दोनों ने एक दूसरे की आवाज़ सुनी। जंगल में बहुत सारे रास्ते थे। मीनू ने रानू से चिल्ला कर कहा- तुम वहीं रहना, मैं आकर तुम्हें ढूँढ लूँगी। मीनू के साथ उसका कुत्ता भूरा भी था। भूरे की मदद से वो रानू तक पहुँच गई।


यहाँ मीनू, रानू और जंगल के रास्तों का चित्र है। तुम भी मीनू को रानू तक पहुँचाओ। कितने रास्तों से पहुँचा सकते हो?



इन जालियों में कुछ तितलियाँ फँस गई हैं। देखो तुम किन तितलियों को निकाल सकते हो। उनके निकलने का रास्ता बनाओ।

यहाँ अपनी जाली बनाओ।





तुम भी ऐसी जालियाँ बनाकर उनमें कीड़े फँसाओ। देखो तुम्हारे दोस्त उनके निकलने का रास्ता बना सकते हैं क्या? फिर तुम्हारा दोस्त बनाए और तुम निकालो।

दिनांक

भिन्न




आज कक्षा में कितने बच्चे आए हैं?

अब सभी 4-4 के समूहों में बंट जाओ।
(पहले तुम कंकड़ो और और भी कई चीज़ो को बराबर - बराबर बांट चुके हो, वैसे ही अब कक्षा के बच्चों को बांटो। ऐसे बांटो कि हर समूह में 4 बच्चे हों।)

बैठ गए सब 4-4 के समूहों में?
अब हर समूह में से एक बच्चा मास्साब से एक चौकोर कागज़ मांग लो। (कागज़ लगभग तुम्हारी कॉपी के बराबर हो)



इस कागज़ को ज़मीन पर फैलाओ और चॉक से उसके चारों तरफ लाइन खींचो।





अब इस कागज़ को चारों बच्चों में बराबर-बराबर बांटना है, यानी जितना बड़ा हिस्सा तुम्हें मिले उतना ही बड़ा तुम्हारे समूह के हर बच्चे को।


दिनांक


बराबर - बराबर बांटने के लिए:

1. कागज़ को आधा मोड़ो, ऐस-



2. जहां से मोड़ा वहां से फाड़ लो। कागज़ के 2 हिस्से हो गए?
हर एक हिस्सा पहले के चौकोर का आधा ($\frac{1}{2}$) है।







चाहो तो इन दोनों को ज़मीन पर चॉक से बनाए चौकोर के ऊपर जमा कर देखो।

पर अभी तो दो ही बच्चों को कागज़ मिल सकता है। तुम्हें दो हिस्से और बनाने होंगे।

3. दोनों हिस्से को फिर से बीच में से मोड़ लो, ऐसे-




4. दोनों को उस जगह से फाड़ लो जहां से मोड़ा है।
अब कागज़ के कितने हिस्से हो गए?



हर एक हिस्सा पहले के चौकोर का चौथाई($\frac{1}{4}$) हिस्सा है।

एक बार फिर इन चारों हिस्सों को ज़मीन पर बनाए चौकोर के ऊपर जमा कर देखो।
चौकोर कागज़ को आधा और चौथाई बांटने का ये एक तरीका है।

अगर ऐसे चौथाई हिस्से बनानें हों तो तुम्हें चौकोर कागज़ को कैसे फाड़ना होगा?



क्या किसी और तरह से भी चौकोर कागज़ को फाड़ कर 4 बराबर हिस्से बना सकते हो?

गुरुजी की नज़र में...

विद्यार्थी का नाम _____ पिता का नाम _____


तीन महीने बाद

छह महीने बाद

साल के अंत में


पाठ्यक्रम में लिखे बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए, उपयुक्त जगह में विद्यार्थी का आकलन भरना है।

चित्र



० इस चित्र में कितने चक्के हैं?
ये कितनी बैलगाड़ियों के लिए काफी होंगे?

० इस चित्र में रसोईघर की
कौन-कौन सी चीज़ें दिख रही हैं?




० नीचे के चित्र में क्या-क्या हो रहा है? जो-जो चीज़ें चित्र में दिख रही हैं, उनके नाम लिखो।



सांप सीढ़ी

इस खेल को खेलने के लिये बारी-बारी से पासा चलो। जिसके जितने आयेंगे उसकी गोटी उतने ही घर आगे बढ़ेगी। अगर वहां पहुंच कर उसे सीढ़ी मिली तो वो सीढ़ी चढ़ कर ऊपर वाले घर में पहुंच जायेगा। और अगर वहां सांप मिला तो वो लुढ़क कर पहुंच जायेगा सांप की पूंछ वाले घर में। शुरू 1 से करना है। जो सबसे पहले 100 पर पहुंचेगा वो जीतेगा।



ISBN: 978-81-87171-69-0

9 788187 171690

एकलव्य

मूल्य: ₹ 52.00

A0550H